अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवकों ने सिखाया जल संरक्षण का पाठ

**छिबरामऊ।** ग्राम पंचायत कमालपुर में आयोजित नेहरू महाविद्यालय के सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ लक्ष्यगीत और योगाभ्यास के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन के महत्व को समझाया। द्वितीय सत्र में डॉ. प्रशांत दीक्षित ने युवाओं को 'सीपीआर' देने की प्रविधि सिखाई, जो हार्ट अटैक की स्थिति में जीवन रक्षक है। अतिवृष्टि से बचाव और यातायात नियमों (हेलमेट व सीट बेल्ट) के पालन पर जोर दिया गया।

### आज, कल और 27 को ग्राम चौपाल

**कन्नौज।** उप संचालक चकबन्दी अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र ने बताया कि सदर तहसील के ग्राम पंचायत कुसुमखोर बांगर में 24 फरवरी तथा तहसील तिर्वा के ग्राम पंचायत हसेरन परगना सकतपुर में दिनांक 25को अपराह्न 03 बजे ग्राम चौपाल में चकबन्दी अधिकारी/सहायक चकबन्दी अधिकारी/चकबन्दीकर्ता/चकबन्दी लेखपाल मय अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेगें। कहा कि जिन कृषकों की भूमि से संबंधित समस्यायें हैं, वह ग्राम चैपाल में उपस्थित होकर समस्या का निराकरण करा सकते हैं। इसी तरह से उप जिलाधिकारी/बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रेशमा सहाय ने बताया है कि ग्राम गंगधरापुर, परगना/तहसील सदर में 25 फरवरी एवं ग्राम मिरगावां में दिनांक 27 को निर्धारित ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### मारपीट में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ।** गोबर डालने गई महिला के साथ गांव के ही कुछ दबंगों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दग्रामपुर निवासी बेबी पत्नी संतराम का आरोप है कि कि वह अपने घर से गोबर फेंकने के लिए बाहर गई थी। तभी गाँव के ही निवासी रमेशचन्द्र पुत्र रामनारायण और ब्रजेश, ब्रजेन्द्र, राजू पुत्रगण रामनरायण बेबजह गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी ने महिला के साथ लात घूंसों से मारपीट कर दी। महिला की चीख पुकार सुनकर गाँव के अन्य लोगों को आता देख हमलावर महिला को जान से मारने की धमकी देते हुऐ भाग गये। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बेदखली के बाद पुत्र ने माता-पिता को पीटा

**कन्नौज।** माता पिता ने पुत्र को बेदखल कर दिया लेकिन वह घर नहीं छोड़ रहा। उसे जबरन निकलने को कहा तो अपने जन्मदाताओं को पीटा। यही नहीं पिता को धक्का दे दिया जिससे उनका कूल्हा उतर गया सदर कोतवाली के मोहल्ला शेखाना निवासी सफीकन पत्नी मोहम्मद फकीर ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसने व पति ने 20 सितंबर 2025 को अपने पुत्र शेर मोहम्मद को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इसके बाद भी पुत्र घर नहीं छोड़ रहा है। आये दिन उसे व उसके पति के साथ गाली गलौज व मारपीट करता है। दिसंबर 2025 में मारपीट कर पति को धक्का दे दिया जिससे वह गिर गये। इससे उनका कूल्हा टूट गया।

### पिकअप के चालक के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**छिबरामऊ।** फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के 30 वर्षीय नीरज चचेरी बहन उमा, उसके पति कुलदीप और 2 वर्षीय पुत्री रागिनी के साथ बाइक से रामनगर तरिया निवासी मामा सत्यभान के घर जा रहा था। रायपुर मोड़ पर पिकअप ने टक्कर मार दी थी। घटना में नीरज की मौत हो गई, जबकि अन्य तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पिकअप के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांचकर कर रही है।

## लहंगा-चुनरी के गत्तों से लदे ऑटो के अलावा तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद

# पीछा कर बिरौली मोड़ पर लूटे थे 20 लाख के लहंगे, पांच गिरफ्तार



पुलिस कार्यालय में लूट की घटना का खुलासा करते एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार व आरोपियों के साथ खड़ी गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम अमृत विचार



बदमाशों के पास से बरामद किया गया लूट का माल अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- चार बदमाश पुलिस को देख हुए फरार
- जुए में हारे तो बनाई लूट की योजना

**अमृत विचार।** थाना तालग्राम पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 28 जनवरी को ऑटो और लहंगा- चुनरी के पैकेट की लूट के मामले में 05 बदमाशों को माल के साथ गिरफ्तार किया है। पांच बदमाश मौके से भाग निकले। आरोपियों ने जुए में हार जाने के बाद योजना बनाई और फिर कमालगंज से बाइकों से पीछा कर तालग्राम के बिरौली मोड़ के पास घटना को अंजाम दिया था।

पकड़े गये बदमाशों के कब्जे से लूटा गया माल 09 पैकेट लहंगा-चुनरी , 01 ऑटो, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल एवं 02 तमंचा 315 बोर बरामद किया है। एसपी व एएसपी ने पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा किया। बता दें कि 28 जनवरी की रात्रि करीब 08:15 बजे अज्ञात व्यक्तियों ने थाना तालग्राम क्षेत्र के बिरौली मोड़ के पास ऑटो और लहंगा- चुनरी लूट लिए थे। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने छिबरामऊ के एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट सोमवार तड़के करीब सवा चार बजे पांच आरोपियों को माल, बाइकों व ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि पांच साथी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। एसपी विनोद कुमार व एएसपी अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वाशिद खां पुत्र आविद खां, जो वीजी. ट्रेवल ट्रांसपोर्ट का संचालन करता है तथा लहंगा-चुनरी के व्यापार से जुड़ा है, ने विक्की उर्फ विशाल यादव पुत्र सर्वेश जो ओयो होटल चलाता है को माल के आवागमन एवं उसकी कीमत करीब 18-20 लाख रुपये की जानकारी दी थी। योजना के तहत 03 मोटरसाइकिल पर सवार विक्की व उसके अन्य 08 साथियों ने ऑटो का पीछा करते हुए बिरौली मोड़ के पास ओवरटेक कर लूट को अंजाम दिया।

लूटे गये माल को ग्राम कपूरपुर में शादाब की मौसी के घर पर छिपा दिया और ऑटो को वहीं छोड़ दिया। आरोपियों ने यह भी बताया गया कि वे जुए में काफी पैसा हार गए थे तथा आर्थिक तंगी के चलते योजनाबद्ध तरीके से उक्त लूट की साजिश रची थी।

### यह बदमाश हुए गिरफ्तार

वाशिद खां पुत्र आविद खां निवासी ग्राम ढपलपुर भोजपुर जनपद फर्रुखाबाद, विक्की उर्फ विशाल यादव पुत्र सर्वेश यादव निवासी लेनगांव थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद, शादाब खान पुत्र सलीम खान निवासी नगला खेम रैगाई थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद, शीतल श्रीवास्तव पुत्र राजेश श्रीवास्तव निवासी नगला खेम रैगाई थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद, योगेश राजपूत उर्फ विनय पुत्र महेन्द्र राजपूत निवासी पिथुपुर मेंहदिया थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद।

### यह बदमाश हुए फरार

जियाउल उर्फ आबू पुत्र जलील मास्टर निवासी नगला खेम रैगाई, सचिन यादव पुत्र मुनीम निवासी लेनगांव, विवेक राजपूत उर्फ विक्की पुत्र अज्ञात निवासी कुनंदन नगला, अभिजीत राजपूत पुत्र अज्ञात निवासी कुंदन नगला ।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

थाना तालग्राम टीम थाना प्रभारी विनय शर्मा, दरोगा दिनेश चन्द, रज्जन लाल, हेड सिपाही संदीप सिंह, सिपाही अनूप, गबरूद्दीन, धीरज कुमार, राघव कुमार, एसओजी टीम के निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा (प्रभारी), हेड सिपाही रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, सिपाही गौरव कुमार, विकास अग्रहरी, यगन चौधरी, नितुल चौधरी, सर्विलांस टीम के निरीक्षक त्रदीप सिंह (प्रभारी ), हेड सिपाही अजय चाहर, सिपाही शिवराज यादव, शुभम कुमार, दीपक, अभिषेक तोमर, शुभम बालियान शामिल रहे।



पीडित शिक्षका से जानकारी लेती पुलिस अमृत विचार

# गोली मारने की धमकी दे शिक्षिका का बैग लूटा

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- बाइक सवार लोगों ने देर शाम दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार बदमाशों ने दुस्साहस दिखाते हुए शिक्षिका को गोली मारने की धमकी देकर उनका बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार बैग में सोने के आभूषण, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

शिक्षिका कीर्ति वाजपेई, जो राजकीय हाई स्कूल भोजपुर निगोह में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं, ने बताया कि वह रविवार को औरैया गई थीं। वापसी में उन्होंने सौरिख के एक विद्यालय में खड़ी अपनी स्कूटी ली और देर शाम छिबरामऊ स्थित आवास विकास कॉलोनी की ओर आ रही थीं। इसी दौरान रास्ते में दो बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा कर रोक लिया और गोली मारने की धमकी देकर डराया। इसके बाद उनका बैग छीन लिया। उन्होंने कुछ दूर तक लुटेरों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। पीड़िता के अनुसार, बैग में एक सोने की जंजीर, कानों के झुमके, 8000 रुपये नकद एक मोबाइल फोन, जरूरी विभागीय और व्यक्तिगत कागजात थे। घटना के तुरंत बाद शिक्षिका ने खोजीपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर 1090 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़िता से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# फेसबुक पर ऑफर देकर 66 हजार की ठगी

संवाददाता,छिबरामऊ

- साइबर लुटेरों ने फार्मासिस्ट के क्रेडिट कार्ड से उड़ाए पैसे

**अमृत विचार।** साइबर अपराध को लेकर जितना ज्यादा व्यक्ति जागरूक और चौकन्ना हो रहा है उतना ही अपराधी भी आगे की सोचने लगे हैं। अब नए तरीके में फेसबुक पर फर्जी ऑफर के माध्यम से एक व्यक्ति के खाते से 66, 200 रुपये उड़ा दिए गए। पीड़ित ने साइबर अपराध शाखा में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटनाक्रम के अनुसार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट हरिनाथ यादव फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें 'बिग वॉस्केट' के नाम से एक आकर्षक ऑफर दिखा। इसमें मात्र 298 रुपये में 5 किलो चीनी, 5 किलो चावल और 5 किलो रिफाइंड तेल मिलने का लालच दिया गया था। जैसे ही उन्होंने संबंधित लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल कुछ देर के लिए हैंग हो गया। असल में यह फर्जी लिंक था, जिसके जरिए साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर ली। पहले 41,000 रुपये और फिर 25,200 रुपये कट गए। कुल मिलाकर लगभग 66,200 रुपये की ठगी हुई। जब हरिनाथ को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो वे हक्के-बक्के रह गए। उन्होंने तुरंत मोबाइल ठीक कराया और कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ऐसे फर्जी ऑफर से बचने के लिए विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि कभी भी किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान साइट्स पर कार्ड डिटेल्स न डालें और नियमित रूप से बैंक स्टेटमेंट चेक करते रहें।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# टेट की अनिवार्यता व पिछली तारीख में लागू करने का विरोध

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जबसे पहले से कार्यरत शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी )अनिवार्य की गई है तभी से इसका विरोध किया जा रहा है। अब शिक्षकों ने टीईटी को अनिवार्य किए जाने और बैक डेट में आदेश लागू करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

सोमवार को टीचरों की ओर से विरोध जताया गया। और तो और अपनी बात को ऊपर तक पहुंचाने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी अभियान चलाया। यह विरोध प्रदर्शन तिर्वा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने किया।

किनौरा गांव के प्राथमिक स्कूल के शिक्षक वैभव राजपूत ने बताया कि टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया। जानाकारी दी कि यह अभियान प्रदेश नेतृत्व के निर्देश से चलाया गया है, जिसका उद्देश्य सरकार तक शिक्षकों की आवाज पहुंचाना है। शिक्षकों का कहना है कि उन पर जबरन टीईटी थोपना ठीक नहीं है।

उन्होंने अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही। विरोध प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों में वैभव के अलावा जितेंद्र कुमार, पूनम देवी, रावेंद्र और सर्वेश सहित कई अन्य शिक्षक शामिल थे।

# सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेंचना हो तो अभी से कराएं रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। क्रय केंद्रों पर गेहूं बेंचने पर किसानों को 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जायेगा। किसानों को सलाह दी गई है कि वह अपना रजिस्ट्रेशन अभी से करा लें।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कतुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं क्रय 17 मार्च 2026 से किया जायेगा। शासन से गेहूं (कॉमन) का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें अतिरिक्त 20 रुपये प्रति क्विंटल उतराई एवं छनाई मद में देय होंगे। जिले में गेहूं क्रय के लिए कुल 35 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 09, पीसीएफ के 23 व भारतीय खाद्य निगम के 03 केंद्र शामिल हैं। विकास खण्डवार क्रय केंद्रों की व्यवस्था की गई है। इस में कन्नौज में 05, जलालाबाद में 01, गुगरापुर में 01, उमर्दा में 10, हसेरन में 04, सौरिख में 08, छिबरामऊ में 05 तथा तालग्राम में 04 केंद्र स्थापित किए गए हैं। जनपद में गेहूं की औसत उत्पादकता 54.66 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। गेहूं विक्रय के लिये किसानों को अभी से पंजीकरण पोर्टल प्रारम्भ कर दिया गया है। उनसे कहा गया है कि वह अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। जिससे समर्थन मूल्य योजना का लाभ पहले मिल सके। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि किसान गेंहू को साफ कर व सुखा कर ही क्रय केंद्र पर लाएं।

# आंटी में खेल मैदान, आरआरसी, गौशाला और अन्नपूर्णा भवन का हुआ लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



क्रिकेट का शॉट मारकर खेल मैदान का उद्घाटन करते राज्यमंत्री असीम अरुण।

- राज्यमंत्री असीम अरुण की पहल से जिले को मिलीं विकास की चार बड़ी सौगातें

**अमृत विचार।** जनपद के आंटी गांव में नव निर्मित खेलमैदान, आरआरसी, गौशाला और अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण का लोकार्पण किया गया।

सोमवार को सदर विधायक और समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर इन सभी कार्यों का शुभारंभ किया। खेल मैदान का शुभारंभ उन्होंने बॉल पर शॉट खेलकर किया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि आंटी गांव को विकास के मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन नई सुविधाओं से ग्रामीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी गांव की चुनौतियों को चिह्नित कर विकास कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया, प्रधान नरेंद्र कुमार प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गांव के लोग उपस्थित रहे।

# महिला समेत तीन लोगों ने पीया जहरीला पदार्थ

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सभी को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती
- पुलिस मामले की जांच कर रही है

**अमृत विचार।** किसी बात से नाराज तीन लोगों ने अलग अलग जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरायमीरा निवासी राज कुमार (45) पुत्र सुभाष चंद्र ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत खराब हेने पर परिजन उसे सुबह 8:20 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के बाद हालत में सुधार हुआ। इसी तरह दूसरी घटना भी सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव तहसीपुर की है। यहां के निवासी कमाल (19)पुत्र जगदीश ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ पी लिया। इनकी भी हालत खराब होने पर परिजन उसे दोपहर 12:25 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डाक्टर ने जांच कर उपचार शुरू किया। उपचार के बाद हालत में सुधार आया। तीसरी घटना भी सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव आंटी की है। यहां की निवासी राजवती (50) पत्नी संजय ने किसी बात से नाराज होकर दोपहर बाद जहरीला पदार्थ पी लिया।

हालत खराब होने पर परिजनों को इस की जानकारी हुई। इस के बाद परिजन उसे लेकर 1:10 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। यहां महिला को उपचार दिया गया। इस के बाद हालत में सुधार आया।

## बोर्ड परीक्षा

## जिले के 96 केंद्रों पर चल रही हैं माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं

# हाईस्कूल के 1823 परीक्षार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



गोमती देवी इंटर कॉलेज में निरीक्षण करने पहुंचे जनपद बोर्ड परीक्षा पर्यवेक्षक अनुपम अवस्थी, साथ में बेसिक शिक्षाधिकारी संदीप कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के सभी 96 परीक्षा केंद्रों पर उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में बोर्ड की परीक्षाएं चल रहीं हैं। इस क्रम में छठे दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा थी। इसमें 1823 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे जबकि 23037 ने परीक्षा दी। इस दौरान सचल दलों के अलावा विभागीय उच्चाधिकारी भी केंद्रों का भ्रमणकर स्थितियों पर नजर रखते रहे।

सोमवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी जबकि इंटर की वैकल्पिक विषय की परीक्षा थी। अंग्रेजी की परीक्षा सभी केंद्रों पर कराई गई जबकि वैकल्पिक विषय की परीक्षा केवल 9 केंद्रों पर हुई। अंग्रेजी में पंजीकृत 24860 में से 1823 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इसके अलावा इंटर में पंजीकृत 337 में से 318 ने परीक्षा दी जबकि 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

प्रथम पाली में सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, कानपुर मंडल कानपुर शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कंट्रोल रूम एवं यहीं से परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कंट्रोल रूम प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला भी उपस्थित थे। वहीं परीक्षा केंद्र गोमती देवी गर्ल्स इंटर कालेज पहुंचकर जनपद बोर्ड परीक्षा पर्यवेक्षक अनुपम अवस्थी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संदीप कुमार के साथ परीक्षा व्यवस्था देखी। शाम की पाली में इंटर की गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा कराई गई। इसमें पंजीकृत कुल 18083 में से 1214 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल 16869 छात्रों ने ही परीक्षा दी।

# कब्जे की जमीन को खाली कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने आये भीम आर्मी के लोग। अमृत विचार

- भीम आर्मी व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** छिबरामऊ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैगवॉ देवपुर में अंबेडकर के नाम से अभिलेखों में दर्ज भूमि को खाली कराने व छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के मौजा सलेमपुर में बाबा साहब अंबेडकर के नाम की भूमि पर उनकी मूर्ति लगवाने की अनुमति मांगी है। इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

भीम आर्मी जय भीम के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आजाद की अगुवाई में राज कुमार, जगदीश, सर्बेंद्र, मोहित, झम्मन लाल समेत कई लोगों ने सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंच कर डीएम से शिकायत की है। आरोप लगाया है कि ग्राम देवपुर निवासी कुछ लोगों ने बाबा साहब अंबेडकर के नाम दर्ज भूमि पर कब्जा कर लिया है। कहने पर वह उक्त भूमि को मुक्त नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में छिबरामऊ एसडीएम को शिकायती पत्र दिया गया पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के गांव सलेमपुर में बाबा साहब अंबेडकर के नाम से दर्ज भूमि पर कब्जा किये हैं। उक्त भूमि को कब्जा मुक्त करा कर अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की इजाजत मांगी है। इस मौके पर अभिषेक निगम, सुमित कुमार, मीनू कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जर्जर पुलिया में फंसी श्रद्धालुओं से भरी बस बाल-बाल बचे यात्री

**भरथना।** कस्बा क्षेत्र के पाली बम्बा चौराहे पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी बम्बा पुलिया पर श्रद्धालुओं से भरी एक बस अचानक फंस गई और बम्बे में पलटने से बच गई। बस में महिलाएं, पुरुष और बच्चे समेत करीब 50 श्रद्धालु सवार थे, जो लखनऊ में आयोजित राधा स्वामी सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। सोमवार सुबह करीब दस बजे बस जैसे ही पाली बम्बा चौराहे के पास जर्जर पुलिया पर पहुंची, अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पुलिया में फंस गई। बस फंसते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे सभी यात्रियों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला। यदि बस बम्बे में पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिया के समीप हाईटेंशन विद्युत लाइन के पोल भी लगे हुए हैं। अगर बस बम्बे में गिर जाती तो करंट फैलने या तार टूटने की स्थिति और भयावह हो सकती थी। बस में सवार राजकुमार, परमेश्वर दयाल, रामबाबू और मुकेश कुमार ने बताया कि बस में करीब 50 लोग सवार थे।

### एसआईआर के सम्बंध में बैठक आज

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ जनपद स्तर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आज 24 फरवरी को मध्यान्ह 12 बजे बैठक आयोजित की गयी है। उन्होंने राजनैतिक दलों के नेताओं से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### कुल्हाड़ी से प्रहार कर घायल करने की रिपोर्ट

**भरथना।** कस्बा के जबरपुरा गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। क्षेत्र अंतर्गत जबरपुरा गांव निवासी पीड़ित विकास ने पुलिस को तहरीर दी है कि गांव के एक व्यक्ति के घर के दरवाजे पर आलू भुंज रहे थे वहीं आलू खा रहा था। उसी दौरान गांव के योगेंद्र उर्फ अवनीश कुमार, सौरभ और गुड्डू आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फास्ट फूड ठेले पर दो पक्षों में हुई मारपीट

**भरथना।** कस्बा के मोहल्ला गिरधारीपुरा में फास्ट फूड के ठेले पर कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार मोहल्ला गिरधारीपुरा में सड़क किनारे लगे फास्ट फूड ठेले पर चाउमीन बनवाने के दौरान एक युवक की ऑटो सवार लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान युवक ने ऑटो सवार एक व्यक्ति के सिर पर बांट से प्रहार कर दिया। इसके बाद उसके साथियों ने युवक को जबरन ऑटो में बैठाने का प्रयास किया।

### निगरानी समिति की बैठक कल

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि भारत सरकार के कार्यक्रमों की निगरानी हेतु जिला स्तरीय दिशा समिति जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक 25 फरवरी दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे जितेन्द्र कुमार दोहरे सांसद लोक सभा क्षेत्र-इटावा की अध्यक्षता में विकास भवन प्रेरणा सभागार में आयोजित होगी।

### अलग अलग मामलों में दो को सजा

**इटावा।** कोर्ट ने अलग अलग मामलों में दो लोगों को सजा सुनाई साथ ही जुर्माना भी लगाया। दुर्घटना के मामले में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रतीक यादव पुत्र बृजेश यादव निवासी पीएसी गली को दोषी पाया और उसे कोर्ट उठने तक की सजा व दो हजार रुपया का जुर्माना लगाया। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के नौ साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने समीर खां निवासी कटराबल सिंह को दो माह दस दिन की सजा सुनाई।

# ट्रक में पीछे से घुसी कार, मामा-भांजे की मौत

## कार में सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से हुए घायल, जौनई के पास हाईवे पर हुआ हादसा

संवाददाता जसंवतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनई चौकी के पास एक पेट्रोल पंप के सामने सोमवार सुबह दिल्ली जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित अर्टिगा कार अपने आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया जहां से उन्हें पीजीआई भेजा गया है।

हमीरपुर जिले के थाना सरीला के इस्लामपुर गांव के चेतराम 62 वर्ष पुत्र देशराज जो अब दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहते हैं। 21 फरवरी को दिल्ली में संपन्न हुई अपने छोटे बेटे राजेंद्र की शादी की पारिवारिक रस्म की अदायगी करने परिवार सहित अपने पैतृक गांव इस्लामपुर हमीरपुर गए हुए थे। रविवार को गांव के ही मंदिर में शादी की रस्म पूर्ण कर रविवार की रात को ही एक अर्टिगा कार से चेतराम अपनी पत्नी गिरिजा देवी (60 वर्ष), पुत्र राजेश उम्र 29 वर्ष व राजेंद उम्र 26 वर्ष, पुत्रवधू अंजलि 26 वर्ष पत्नी राजेश व नवबधू रेशमा 22 वर्ष पत्नी राजेंद्र और जालौन निवासी अपने भांजे सुखवासी पुत्र जंगीलाल समेत कुल सात लोगों के साथ कार से दिल्ली वापसी के लिए निकले थे। सोमवार सुबह करीब 3:00 बजे जौनई चौकी के पास एक पेट्रोल पंप के सामने उनकी कार अपने आगे चल रहे कानपुर से चावल लेकर गुजरात जा रहे एक ट्रेलर ट्रक में पीछे से जा घुसी। इसके चलते कार का आगे का हिस्सा ट्रक में बुरी तरह फंस गया। घटना से अफरा तफरी मच गई।आसपास के लोग और चौकी की पुलिस घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। जबरदस्त टक्कर से कार के आगे हिस्से में बुरी तरह फंसे चेतराम और सुखवासी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कमल भाटी ने सबसे पहले घायलों गिरिजा देवी, राजेश, राजेंद्र, रेशमा देवी, अंजलि को कार से निकाल कर एंबुलेंस द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कार में बुरी तरह फंसे मृतक चेतराम और सुखवासी को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ वीरेंद्र ने प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत देखते हुए सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। पुलिस और हाईवे इंसिडेंट मैनेजर सुनित चौहान ने दुर्घटनाग्रस्त कार व ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर कर बाधित हो रहे यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक के चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया है।



हादसे के बाद ट्रक में फंसी कार। अमृत विचार

**● शादी के बाद की रस्म पूर्ण करने अपने गांव हमीरपुर आये थे**

**● वापस दिल्ली जाने के दौरान हुआ हादसा**

### एक घंटे पूर्व ही बदला था कार का ड्राइवर

**इटावा।** रिजर्व पुलिस मृतक चेतराम के बड़े पुत्र राजेश ने बताया कि एक घंटा पहले सब कुछ सही था। इटावा से पूर्व एक पंप पर कार में सीएनजी डलवाई और सभी ने चाय पी। गाड़ी को छोटा भाई राजेंद्र चला रहा था। सुखबीर ने चालक बदलने की बात कहकर कर खुद कार चलाने लगा और जसवंतनगर के आगे यह घटना हो गई। घटना में अपने पिताजी और रिश्ते के भाई को खोकर राजेश फफक फफक कर रोने लगा।

# स्पा सेंटर पर पुलिस का छापा, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन बजरिया में चल रहे एक होप डायमंड स्पा सेंटर पर पुलिस ने कानपुर की एक युवती की शिकायत पर छापा मारकर केन्याई महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस को स्पा सेंटर के दस्तावेज नहीं मिले और कई अहम सबूत पुलिस ने सीज किये हैं।

कानपुर निवासी युवती ने पुलिस से शिकायत की कि उसे गलत काम करने के लिए दबाव बनाया गया विरोध करने पर मारपीट की गई। शिकायत मिलते ही पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। इसके बाद पूरे स्पा सेंटर की घेराबंदी कर जांच शुरू की गई। सीओ सिटी अभय नारायण राय की अगुवाई में थाना सिविल लाइन, कोतवाली, महिला थाना, खुफिया विभाग, फॉरेंसिक टीम और सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में करीब पांच घंटे तक जांच चली। पुलिस को स्पा सेंटर चलाने से जुड़े कोई ठोस और वैध दस्तावेज मौके पर नहीं मिले। जांच के दौरान एक केन्याई युवती वहां काम करती मिली। पुलिस ने उसका पासपोर्ट, वीजा और अन्य कागजात कब्जे में ले लिए। अधिकारियों का कहना है कि विदेशी महिला के यहां काम करने की सूचना संबंधित थाना या लोकल यूनिट को नहीं दी गई थी जो नियमों के खिलाफ है। पुलिस ने दो भारतीय महिलाओं और विदेशी महिला को हिरासत में लेकर वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। स्पा सेंटर का मैनेजर शिव कुमार मिश्रा पुत्र राजेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी पतोंजा थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को पुलिस थाना सिविल लाइन ले गई। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और आगे सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जायेगा।

# अपनी संस्कृति के संवर्धन से ही हिंदू एकता होगी मजबूत : सुबोधानंद

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** विविधता में एकता की भावना के साथ सभी हिन्दू परिवारों द्वारा अपने धार्मिक ग्रंथों के स्वाध्याय तथा तदनुसार जीवन चर्या का अनुपालन करने से ही हमारा भारत राष्ट्र अपने पूर्ववत गौरव के शिखर को फिर हासिल करेगा। ये बात कालीबाड़ी पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी सुबोधानंद सरस्वती जी ने कही।

उन्होंने कहा कि अपने धर्म और अपनी संस्कृति के संवर्धन से ही हिंदू एकता सुदृढ़ होगी। मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रचारक यशवीर ने कहा कि भारत की संस्कृति और सभ्यता बहुत विशाल है, इसी विविधता को एक माला में संजो के रखने के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के तृतीय चरण में विराट हिन्दू सम्मेलन हर बस्ती हर मंडल तक आयोजित करवाने के लिए तत्पर है और इसी ध्येय के साथ श्रीराम भाग की कटरा फ़तेह महमूद खां बस्ती में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें हिन्दू समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर राष्ट्र की सेवा में लगना होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. विनोद शर्मा द्वारा की गई। उर्मिला भदौरिया ने कहा कि नारी शक्ति को अपने संस्कार और सभ्यता को मजबूत बनाने के प्रति सदैव सचेत रहना होगा। कवि शिवगोपाल अवस्थी द्वारा हिन्दू एकता पर अपनी स्वरचित कविता तथा विनोद राठौर द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। माही, शिवांशी, विवान ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कर्मठ नगर कार्यवाह सर्वजीत सिंह भदौरिया, महेंद्र चौहान, ब अजय त्रिपाठी, बस्ती प्रमुख रोबिन भदौरिया, अजय गुप्ता, विनोद राठौर, शैलेन्द्र गुप्ता, शाश्वत, अखंड, केशव के अलावा सकल हिन्दू समाज तथा सदर विधायक सरिता भदौरिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।




सम्मेलन में आये लोगों को संबोधित करते वक्ता व मंच पर आसीन अन्य लोग।

**● संघ ने श्रीराम भाग में कराया विराट हिन्दू सम्मेलन**

### शांतिपूर्ण ढंग से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं जारी

**महेवा।** यू पी बोर्ड की चल रही दसवीं एवं बाहरवी की परीक्षाओं के अंतर्गत सोमवार को दोनों पालियों में परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। जहां सुबह की पाली में दसवीं की अंग्रेजी तथा शाम की पाली में इंटर की गणित एवं बायोलॉजी की परीक्षाएं संपन्न हुई।

लोकमान्य रूरल इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक /प्रधानाचार्य डॉ एस एस त्रिपाठी की देखरेख में दोनों पालियों में सख्ती के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न हुई सुबह की पाली में दसवीं में पांच तथा शाम की पाली बाहरवीं के पांच छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा प्रभारी शरद त्रिपाठी, मुख्य अनुशासक प्रताप नारायण तिवारी, मंजुलता, मनीष गुप्ता, राजकुमार, संजय दुबे, शत्रुघ्न तोमर, कुमकुम आदि सहित समस्त स्टाफ का सहयोग मिल रहा है। क्षेत्र के राम अवतार इंटर कालेज निवाड़ी कला में केंद्र व्यवस्थापक मेधावी शुक्ला तथा रमेश चंद्र इंटर कालेज निवाड़ी कला में केंद्र व्यवस्थापक डॉ अरविंद दुबे के निर्देशन में परीक्षाएं शांतिपूर्वक आयोजित हो रही हैं।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य, जताया आक्रोश



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** लगातार चल रहे टीईटी पात्रता संबधी विरोध के क्रम में सोमवार को विकास खंड भरथना के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। शिक्षकों ने इसे अपने विरोध का प्रतीक बताते हुए निर्णय के प्रति नाराजगी जताई।

सायं 3 बजे के बाद प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी बीआरसी भरथना में चल रहे समेकित शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे। वहां उपस्थित शिक्षकों ने भी काली पट्टी बांधकर टीईटी पात्रता परीक्षा का विरोध दर्ज कराया। पदाधिकारियों ने शिक्षकों को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द सिंह चौहान, ब्लॉक मंत्री योगेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार (एनपीआरसी पाली) सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में सात लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सडक हादसों में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पहली घटना** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर मोड़ स्थित एक मैरेज होम के पास हुई जहां कार और ऑटो के बीच हुई भिड़न्त में पांच लोग घायल हो गए। मानिकपुर मोड़ स्थित रूप गंगा मैरेज होम के पास कार और ऑटो के बीच भिड़न्त हो गई जिससे ऑटो में सवार रंजना पत्नी सिकन्दर सिंह निवासी नेवरपुर इकदिल, कुसमा पत्नी राजकुमार निवासी नेवरपुर इकदिल, शीला देवी पत्नी अजीत सिंह निवासी समसपुरवा थाना अजीतमल जिला औरैया, आरती पत्नी विवेक निवासी रमपुरा इकदिल, राजकुमार पुत्र प्रताप सिंह जोधपुरा इकदिल घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस और परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**दूसरी घटना** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत डीपीएस स्कूल के सामने हाइवे पर हुई जहां पिकप और कार की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। डीपीएस स्कूल के सामने हाइवे पर कार और पिकअप के बीच भिड़न्त हो गई जिससे पिकप सवार त्रिलोकी गौतम पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी बलदेव मथुरा और कार सवार अभि यादव पुत्र अवधेश निवासी महेरा चुंगी थाना फ्रेंडस कालोनी घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां पर डॉक्टरों के द्वारा उनका इलाज जारी है।

# मनीष हत्याकांड : दूसरा आरोपी गिरफ्तार

संवाददताता, भरथना इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बंधा गांव निवासी छात्र मनीष की हत्या के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त तमंचा, खोखा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा घटना में इस्तेमाल की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि थाना इकदिल क्षेत्र के गांव मानिकपुर भीखन निवासी ओमशरण उर्फ विपिन यादव पुत्र हदयराम को गांव की ओर जाने वाले मार्ग से रात करीब पौने आठ बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि वह अपने दोस्त अभिषेक की बहन से एकतरफा प्रेम करता था। इसी कारण उसने अभिषेक से गहरी दोस्ती कर ली थी। लेकिन बाद में उसे पता चला कि उसकी बहन मनीष से प्रेम करती है। आरोपी के मुताबिक उसने कई बार उसकी बहन को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो उसने अभिषेक को बहन के प्रेम संबंध की जानकारी देकर मनीष के खिलाफ भड़काना शुरू कर दिया। सितंबर माह में उसकी बहन के ट्रेनिंग के लिए अलीगढ़ जाने के दौरान मनीष के भी उसी ट्रेन में जाने की बात उसने अभिषेक को बताई।

उसने बताया कि जब समझाने के बाद भी मनीष पीछे नहीं हटा तो उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई। 18 फरवरी की सुबह जब मनीष इटावा जाने के लिए घर से निकला, तभी आरोपियों ने कार से उसे जबरन उठा लिया। सरसों के खेत में ले जाकर रस्सी से गला घोंट दिया गया। इसके बाद चाकू से वार किए गए और तमंचे से गोली मार दी गई। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए 19 फरवरी की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली से रेलवे ट्रैक पर डाल दिया गया, ताकि मामला हादसा प्रतीत हो। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस, मोबाइल और ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे प्रकरण में साक्ष्य जुटाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज



मनीष की हत्या का दूसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**● अन्य आरोपियों की तलाश जारी, पुलिस दे रही दबिश**

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा इटावा इकाई द्वारा विवादित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक लगाने तथा फिल्म के कलाकारों, निर्माता, निर्देशक पर कानूनी कार्यवाही के लिए जिला अध्यक्ष प्रो शिवराज सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि ओमठकुरानी प्राइवेट लिमटेड द्वारा यादव जी की लव स्टोरी में विशेष धर्म पर प्रेम प्रसंग दिखाया गया है। ज्ञापन देने वालों के रविन्द्र सिंह, अनीता यादव, आनंद यादव, वीरेंद्र सिंह, मुनेश यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, राजकिशोर शास्त्री, रामनाथ यादव, हुतेश यादव, भुवनेश यादव, राजू यादव, अभिनय यादव, पंडित सत्यप्रकाश रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने पहुंचे महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**आयोजन** — पशुपालकों को जागरूक करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

# खुरपका-मुंहपका से बचाव की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के अन्तर्गत पशुपालन विभाग के अधिकारियों, मैत्री/पैरावेट्स तथा पशुपालकों को भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र सदर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। योजना का उद्देश्य पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन के लिए जागरूक करना, दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुओं को रोगों से सुरक्षित रखना है।

प्रशिक्षण में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र सिंह इटावा के निर्देशन में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। जिसमें डॉ.भारती कटारे ने गाय एवं भैंसों की नस्लों के बारे में उनकी पहचान, ब्यात, दुग्ध उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वही डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने पशुओं में टीकाकरण वैक्सीन लगाये जाने के बारे मे जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों द्वारा पशुओं के संतुलित आहार, टीकाकरण, नस्ल सुधार, स्वच्छता प्रबंधन, डेयरी विकास, तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पशुओं में होने वाले प्रमुख रोगों की पहचान एवं बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि नियमित टीकाकरण, समय पर कृत्रिम गर्भाधान, खुरपका-मुंहपका व ब्रुसेलोसिस जैसी बीमारियों से बचाव तथा हरे चारे के उत्पादन से पशुओं की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

इस अवसर पर डिप्टी सीवीओ डॉ. हरिशचंद्र सदर, डॉ प्रणवेन्द्र कुमार सैफई, डॉ.दिलीप यादव डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ.भारती कटारे, डॉ.हर्षवर्धन व पशुधन प्रसार अधिकारियों में डॉ.अनिल वीर सिंह चौहान, डॉ राजेश गोयल, नरेंद्र शर्मा, शशांक चौहान के एन सारस्वत राजेश चौहान विमल गौतम, देवकीनंदन पाण्डेय, कृष्णा यादव, राजेश कुमार, शिवम कुमार, जितेंद्र कुमार, शैलेन्द्र, रविंद्र कुमार, राजहंस आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण लेते पशु पालक। अमृत विचार

# प्रखर गुप्ता का वीवीएम में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि कक्षा 11 के प्रतिभाशाली छात्र प्रखर गुप्ता का विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता राज्य स्तर पर लखनऊ में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रखर गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वे आगामी दिनों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गांधीनगर में सम्मिलित होंगे।

विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल कुमार ने प्रखर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस संबंध में समन्वयक विज्ञान शिक्षिका सीमा यादव ने बताया कि प्रखर प्रारंभ से ही जिज्ञासु एवं परिश्रमी छात्र रहा है। विज्ञान विषय में उसकी विशेष रुचि रही है और वह सदैव नवीन जानकारियाँ प्राप्त करने के लिए तत्पर रहता है।



प्रखर गुप्ता को सम्मानित करते प्रधानाचार्य कमल कुमार।

### दो लोगों ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

**भरथना।** क्षेत्र अंतर्गत दीनपुरा कुसना गांव निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी पत्नी खेत की तरफ गई थी, देर तक वापस नहीं आने पर संभावित स्थानों पर खोजबीन की मगर कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित का आरोप है कि लापता पत्नी अपने साथ घर में रखे जेवरात व नकदी भी साथ ले गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं भरथना क्षेत्र अंतर्गत लिधोआ थरी गांव निवासी रामनरेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीते दिन पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई। लापता पुत्री की संभावित स्थानों पर खोजबीन की मगर कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेवरात व नकदी के साथ युवती लापता

**बेला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपनी 20 वर्षीय बहन के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती 14 फरवरी की रात घर से बिना बताए चली गई। परिवार का कहना है कि वह अपने साथ घर में रखे कुछ जेवरात और करीब 50 हजार रुपये नकद भी ले गई है। प्रार्थी ने बताया कि उसकी बहन की शादी एक माह बाद तय थी और घर में तैयारियां चल रही थीं। 14 फरवरी की रात पूरा परिवार सो गया था। सुबह उठने पर युवती कमरे में नहीं मिली। इस संबंध में थाना पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर ली। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की गुमशुदगी दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।

### समाजसेविका के निधन पर जताया शोक

**बिधूना।** कस्बा के बिधूना बेला रोड बाईपास निवासी वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम सिंह सेंगर की 72 वर्षीय पत्नी समाजसेविका सरला सिंह सेंगर का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जैसे ही यह जानकारी नगर एवं क्षेत्र के लोगों को हुई तो भारी संख्या में उनके आवास पर उनके अंतिम दर्शन करने एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंच गए। इस अवसर पर गीता शाक्य राज्यसभा सदस्य, रिया शाक्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बिधूना, आदर्श मिश्रा चेयरमैन, अमित बाथम ललतू पूर्व चेयरमैन, रचना सिंह सेंगर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अमित मिश्रा, कौशल किशोर शुक्ला, हरी चैबे, नमोनारायण अवस्थी, अजय अग्निहोत्री, अभय सिंह सेंगर एडवोकेट, रामपाल सिंह चैहान एडवोकेट, डाक्टर श्याम नरेश दुबे, प्रबल प्रताप सिंह सेंगर पूर्व पीटीआई, अनिल त्रिपाठी प्रधानाचार्य, सुरेन्द्र मिश्रा, मनोज शुक्ला, हरभजन सिंह सेंगर पूर्व शिक्षक, धनंजय सिंह सेंगर, सुभाष त्रिपाठी, रामनरेश सिंह कुशवाह, हरेंद्र सिंह कुशवाह, विनीत सेंगर आदि ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### ट्यूबवेल धंसा, जमीन में बना गड्ढा, धरती से फूटा पानी

**अछल्दा।** विकास खंड क्षेत्र के नगला उम्मेद गांव में सोमवार सुबह करीब 6 बजे जब एक किसान अपने खेत में खड़ी 5 बीघा गेहूं की फसल देखने पहुंचा। इसी दौरान अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर किसान महेंद्र सिंह मौके की ओर दौड़ा तो देखा कि खेत में लगा प्राइवेट ट्यूबवेल लगभग 30 फुट नीचे धंस गया है। किसान महेंद्र सिंह पुत्र मनीराम ने बताया कि उक्त ट्यूबवेल की बोरिंग करीब 20 वर्ष पुरानी है। अचानक जमीन धंसने से ट्यूबवेल के आसपास का हिस्सा खदान की तरह गहरा गड्ढे में तब्दील हो गया। गड्ढे के भीतर से तेज धार के साथ पानी ऊपर की ओर फूटने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जमीन के भीतर से लगातार पानी निकल रहा है और गड्ढा सड़क की ओर अंदर तक फैलता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आशंका जताई जा रही है कि जमीन के अंदर खालीपन या पानी के अत्यधिक दबाव के कारण यह घटना हुई हो सकती है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# शिक्षक संगठन ने बैठक कर तय की रणनीति

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संगठन उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ व जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक काकोरी में अनिल यादव जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक में फफूंद-औरैया के शिक्षकों ने प्रतिभाग कर चर्चा की।

बैठक में टेट अनिवार्यता के विरोध में 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होने वाले धरने के लिए रणनीति व रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के बाद धरना प्रदर्शन का पत्र जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्राप्त कराया गया। 26 जनवरी को जिले के शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। उसके बाद जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपेंगे। बैठक की अध्यक्षता अखिलेशचंद्र यादव ने की। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री अरविंद राजपूत, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडलीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरविंद राजपूत जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंत्री हरबंस राजपूत जूनियर हाई स्कूल संघ की महिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी पांडे उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक भाग्यनगर के अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, मंत्री बुद्ध पाल, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ भाग्यनगर के मंत्री मनोज पांडे, सहार के मंत्री नसीम खान अजीतमल जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, ललित तिवारी, बिधूना ब्लॉक के मंत्री अरुण प्रजापति आदि मौजूद रहे।



बैठक कर चर्चा करते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### नीलगाय को बचाने के प्रयास में कार पलटी, क्षतिग्रस्त

**फफूंद।** रविवार रात फफूंद से दिबियापुर की ओर जा रहे एक युवक की कार अचानक सड़क पर नील गाय आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि चालक को चोट नहीं आई।

जानकारी के अनुसार लखन ठाकुर पुत्र मनोज तोमर निवासी आवास विकास कालोनी औरैया रविवार रात अपनी कार से फफूंद से दिबियापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार गांव दयालनगर और भाग्यनगर के बीच पहुंची, तभी अचानक सामने नील गाय आ गई। नील गाय को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन मोड़ा, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

# बदले मौसम के चलते चर्मरोग के मरीज बढ़े

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** मौसम में बदलाव के साथ ही लोग बीमार हो रहे हैं। वायरल बुखार जुकाम खांसी खुजली टीवी हार्ट अटैक और त्वचा रोग के मामले अधिक सामने आ रहे हैं।

सोमवार को अछल्दा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए ऐसे 195 मरीजों की संख्या ज्यादा रही है। अछल्दा स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाई दी गई। साथ ही घरेलू नुस्खे बताए गए। डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि इन दिनों खुजली खासी जुकाम वायरल बुखार हार्ट अटैक जैसे अन्य बीमारियों की शिकायतें ज्यादा है। साफ पानी को किसी भी सूरत में ज्यादा दिन तक एकत्रित न रहने दें। घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में जमा पानी की निकासी के रास्ते निकालें। हाथ और पैरों को पूरी तहत से ढकने के बाद ही लेटें व डॉक्टर ने बताया यह बीमारियां सभी परागकण के कारण है। वहीं दवाई देने के बाद साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया।



मरीज से जानकारी लेते चिकित्सक।

# ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत, चालक फरार

## जेसीज चौराहे पर सड़क पार करने के दौरान ट्रक की चपेट में आए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहर के व्यस्त जेसीज चौराहे पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ब्रह्मनगर निवासी वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मौके से फरार हुए ट्रक चालक की तलाश शुरू की।

जानकारी के अनुसार, मोहनलाल पुरवार दोपहर में चौराहे पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान ब्रह्मनगर निवासी मोहनलाल पुरवार के रूप में हुई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुरवाल-पुरवार समाज के लोग जिला अस्पताल और उनके आवास पर एकत्र होने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक तेज गति में था और चौराहे पर मुड़ते समय चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही ट्रक और उसके चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



मोहनलाल पुरवार।

### 5 माह के रंजीत के तालू का हुआ ऑपरेशन

**औरैया।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत जनपद में पांच माह के मासूम रंजीत का जन्मजात तालू और होंठ की समस्या का सफल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी दी गई। निःशुल्क सर्जरी होने से परिजनों ने राहत की सांस ली और परिवार में खुशी का माहौल है।

दिबियापुर क्षेत्र के लोहखर गांव निवासी श्रीनिवास के पुत्र रंजीत को जन्म से ही तालू और होंठ में कटाव (क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट) की समस्या थी। आरबीएसके टीम ने नियमित जांच अभियान के दौरान बच्चे की पहचान की। इसके बाद टीम ने परिजनों को बीमारी और सर्जरी की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कराई। डॉ. गौरव और डॉ. स्वीटी ने पूरे प्रकरण में लगातार फॉलोअप करते हुए उपचार सुनिश्चित कराया। एनजीओ स्माइल ट्रेन के सहयोग से संबद्ध अस्पताल में रंजीत का सफल ऑपरेशन किया गया।

# बिधूना से लखनऊ रोडवेज बस शुरू होने से लोगों में खुशी की लहर



बस को रवाना करते एआरएम। अमृत विचार

**बेला, औरैया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के सौजन्य से बिधूना से बाया कानपुर होते हुए लखनऊ के लिए बस सेवा शुरू की गई इससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

बस बिधूना से कमलपुर नहर, अलीपुर पिलिया, कुर्सी, बड़ेराहार, पटना, पूर्वा भीखवा, मटेरा, अनेसा पुल, बरौली, बरहादेवी, दौलतपुर, नीमहार होते हुए मल्लोसी मार्ग से कानपुर लखनऊ पहुंचेगी। सोमवार दोपहर करीब एक बजे विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अधिकारियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस नई बस सेवा के शुरू होने से ग्रामीण अंचलों के लोगों को कानपुर और लखनऊ तक आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों को विशेष लाभ होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक एम.के. सिंह, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कुशल लाल, तेज सिंह यादव, विवेक त्रिपाठी, अभिषेक सेंगर (अपु) तथा गायत्री प्रसाद मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने इस पहल के लिए प्रदेश सरकार और परिवहन विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# 'रक्तरंजित' पर चर्चा कर किया मंथन

संवाददाता, दिबियापुर (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बे में प्रज्ञा प्रवाह की कानपुर प्रांत इकाई एवं ब्रह्मावर्त परिषद के शोध/अध्ययन केंद्र द्वारा एक विशेष पुस्तक एवं विषय परिचर्चा का आयोजन हुआ। नगर पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में चर्चित पुस्तक 'रक्तरंजित' पर चर्चा की।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रोफेसर रजत दुबे ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए इसके विभिन्न अध्यायों की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने पीएफआई की कार्यप्रणाली तथा वर्तमान भारत में आतंकवाद के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डाला। पुस्तक के लेखक एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली के निदेशक विनय सिंह ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। विनय सिंह ने कहा कि पुस्तक लेखन की प्रेरणा पीएफआई और उसके इतिहास के अध्ययन से मिली, जिसे सिमी का नया स्वरूप माना जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि पीएफआई आज भी नए-नए रूपों में उभरने का प्रयास कर रहा है और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान एवं तकनीक का सहारा ले रहा है। उन्होंने सरकार और समाज दोनों से सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**आतंकवाद और सामाजिक जिम्मेदारी पर मंथन :** परिचर्चा के दौरान आतंकवाद सहित अन्य राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान पर प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ। विनय सिंह ने कहा कि इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकार और जागरूक समाज को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की अपनी सीमाएं होती हैं, जबकि सजग एवं सक्रिय समाज स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्रीय संयोजक भगवती प्रसाद राघव एवं अखिल भारतीय टोली के सदस्य भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। द्वितीय सत्र में भारत का विभाजन क्यों हुआ' विषय पर विद्वानों ने अपने विचार रखे। डॉ. अनुरुद्ध प्रताप भंवर, प्रो. कौशलेंद्र तिवारी, सुबेंद्र सिंह, कमलेश तिवारी, मनीष यादव, सत्या राजपूत, संदीप शर्मा, देवेंद्र राजपूत, सुधाकर भट्ट, विनीत त्रिपाठी एवं सुशांत नवीन सहित अन्य विद्वानों ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विभाजन के कारणों पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रज्ञा प्रवाह के प्रांत संयोजक मुनीश त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराते हुए किया। अंत में आयोजकों ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम के प्रथम सत्र में चर्चा करते प्रबुद्धजन। अमृत विचार

● नगर पंचायत सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### भरत मिलाप की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

**बिधूना।** स्थानीय रामलीला मैदान में चल रही श्रीराम कथा के 8वें दिन रामस्वरूपाचार्य महाराज ने भरत मिलाप के मार्मिक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

आचार्य रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कहा कि जब श्रीराम, लक्ष्मण और सीता वन को प्रस्थान कर गए, तब अयोध्या शोक सागर में डूब गई। राजा दशरथ पुत्र-वियोग में प्राण त्याग देते हैं। इसी बीच ननिहाल से लौटे भरत को जब यह दुःखद समाचार मिलता है, तो वह स्तब्ध रह जाते हैं। माता कैकेयी के कृत्य से वह अत्यंत व्यथित हो उठते हैं और स्वयं को दोषी मानते हैं। आचार्य ने कहा कि भरत का चरित्र त्याग, धर्म और आदर्श राजनीति का सर्वोत्तम उदाहरण है। भरत गुरु वशिष्ठ और अयोध्यावासियों के साथ चित्रकूट पहुंचते हैं। वहां श्रीराम से मिलन का प्रसंग अत्यंत करुणामय और भावुक है।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं नंबर 15579156L Rank-L/HAV RANVIR SINGH यूनिट 111 इंजीनियर रेजिमेंट c/o 99 APO मेरे सर्विस रेकार्ड में मेरे माता का नाम SARASWATI DEVI गलत दर्ज है जब कि माता का सही नाम SARSWATI DEVI है।

**सूचना**

मैं नंबर 15579156L Rank-L/HAV RANVIR SINGH यूनिट 111 इंजीनियर रेजिमेंट c/o 99 APO मेरे सर्विस रेकार्ड में मेरे पिता का नाम SIDDHARTH SINGH गलत दर्ज है जब कि पिता का सही नाम SIDDARTH KUMAR है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Gunjan Kumar Tolani से Gunjan Tolani कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Gunjan Tolani D-1041, D-Block Indira Nagar Lucknow

**सूचना**

मेरा नाम शैक्षिक प्रमाण पत्रों में सही नाम विपिन कुमार पाल पुत्र जवाहर लाल पाल है, जब कि आधार कार्ड में मेरा नाम शैलेंद्र पुत्र जवाहर लाल हो गया है। इस में सुधार कर मेरा नाम विपिन कुमार पाल पुत्र जवाहर लाल पाल किया जाये। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाये। विपिन कुमार पाल पुत्र जवाहर लाल पाल निवासी उमरी, पोस्ट सुखसेनपुर, तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज।

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मेरे पिता श्री राम जी श्रीवास्तव निवासी 569 घ / 195, बल्दी खेड़ा, कानपुर रोड, लखनऊ का निधन दिनांक 02 मई 2021 को हो गया था। यह की प्लाट सं0–3, खसरा सं0 मिनजुमला 825 स्थित बल्दी खेड़ा, बरगवां, लखनऊ की संपत्ति पर पीरामल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जारी लोन खाता सं0 0600000791 का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। माता व पिता दोनों के जीवित न रहने की स्थिति में संपत्ति के कागज मुझे दे दिए जाएँ। यह की पिता की मृत्यु के पश्चात अंशुमान खरे, अभिलाषा खरे, अनुराधा श्रीवास्तव तथा अंकिता खरे ही उनके उत्तराधिकारी हैं, अन्य कोई नहीं। **अंशुमान खरे, 569 घ/195, बल्दी खेड़ा, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0 प्र0 –226012**

कार्यक्रम

भाग्यनगर ब्लाक के संकुल खानपुर में हुआ आयोजन

# शिक्षा चौपाल में मेधावी छात्रों व अभिभावकों का सम्मान

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देशन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को विकासखंड भाग्यनगर के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर फफूंद में संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल के मेधावी बच्चों व अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसआरजी (स्टेट रिसोर्स पर्सन) सुनील दत्त राजपूत, अलका यादव व सुभाष रंजन द्विवेदी प्रथम संस्था के जिला समन्वयक संदीप कुमार एवं नोडल संकुल शिक्षक डॉ. ओमकान्त राजपूत व एआरपी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने कहा कि शिक्षा चौपाल माता-पिता-शिक्षक संवाद को मजबूत कर शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाती है। चुनौतियों का समाधान ढूंढती है तथा अभिभावकों की सहभागिता से ड्रॉपआउट दर कम करती है। एसआरजी अलका यादव ने राज्य सरकार की डीबीटी सुविधा का उल्लेख करते हुए बताया कि अभिभावक अपने खातों में प्राप्त धनराशि का बच्चों हेतु गणवेश व तय सामग्री खरीदने में सदुपयोग करें। उन्होंने जूनियर विद्यालयों में मीना मंच एवं मिशन शक्ति से छात्राओं के सशक्तिकरण पर बल दिया। एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को निपुण बनाने में अभिभावकों का भी योगदान है। शिक्षक अभिभावकों के साथ तालमेल बैठाकर शिक्षण कार्य करें। प्रथम संस्था के जिला समन्वयक मुकेश कुमार ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को कहा। एआरपी देवेंद्र कुमार राजपूत ने बताया कि माता-पिता, शिक्षकों व समुदाय को जोड़कर बच्चों के सीखने के परिणाम बेहतर आते हैं। एआरपी इंदुबाला राजपूत, साकेत दुबे, आलोक बाबू गुप्ता व विपिन बाजपेयी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व निपुण भारत अभियान के बारे में बताया। इस दौरान संकुल खानपुर के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के मेधावी व निपुण बच्चों, जागरूक अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। कंपोजिट स्कूल खानपुर में कक्षा एक के आदित्य द्वारा 50 तक वर्ग, 15 तक घन व 25 तक पहाड़े सुनाने पर आदित्य व उसकी माता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक नेता जलवीर यादव, संकुल शिक्षक नीतू कटियार, मुहित सिद्दीकी, मोद प्रकाश व मुर्शिद, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिशुपाल, सत्यवान, सर्वेश कुमार, राघव राम, श्याम सुंदर आदि शिक्षक मौजूद रहे।




प्रशस्ति पत्रों के साथ बच्चे व एसआरजी और एआरपी। अमृत विचार

● शिक्षक अभिभावकों के साथ तालमेल बैठाकर कार्य करें

**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी हमीरपुर।**

पत्रांक C-4809 / जि0प्रो.का0/विज्ञप्ति /2025–26 दिनांक 23/02/26

प्रेस–विज्ञप्ति



**काल्पनिक नाम-भारत**
**पिता का नाम-अज्ञात**
**माता का नाम-अज्ञात**
**नि0-अज्ञात**
**उम्र–05 माह**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त नवजात शिशु काल्पनिक नाम भारत, जो समिति को बाल कल्याण समिति जयपुर (राजस्थान) से स्थानान्तरित किया गया है। जिसको समिति के आदेश दिनांक 25.01.2026 के अन्तर्गत **विशेष दत्तक ग्रहण इकाई** हमीरपुर में आवासित किया गया है। बालक को स्वतंत्र घोषित करने हेतु (**किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण**) आदर्श नियमावली के नियम 19(28) के अन्तर्गत है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कलेक्ट्रेट हमीरपुर व कार्यालय बाल कल्याण समिति स्थित तहसील परिसर हमीरपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

**(राजीव कुमार सिंह)**
**जिला प्रोबेशन अधिकारी**
**हमीरपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### बस चालक ने थाने में घुसकर जान बचाई

**कुरारा।** कस्बे के बस स्टॉप के पास रोडवेज बस सोमवार को दोपहर सवारी भरकर उरई जा रही थी, तभी आगे जा रही आपे में टक्कर लग गई। आपे में सवार लोग बस चालक पर हमले के लिए दौड़ पड़े। जैसे ही बस चालक ने देखा तो दौड़कर थाने की तरफ भागा और थाने पहुंचकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी गई।

### नीम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**राठ।** क्षेत्र के लींगा गांव के भूपेंद्र (34) पुत्र रामकिशन का सोमवार को गांव के बाहर खेत में नीम के पेड़ पर गमछे के फंदे में शव लटका मिला। परिजनों ने बताया कि भूपेंद्र मेहनत मजदूरी और खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत पर पत्नी सरोज, मां प्रभारानी सहित अन्य परिजन रोते-बिलखते रहे। कोतवाली इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आज

**सुमेरपुर।** जिला विज्ञान क्लब की ओर से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में 24 फरवरी को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कस्बे के दिग्विजय पब्लिक इंटर कॉलेज में किया जाएगा। प्रात: 10 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में गणित एवं विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### पति के खिलाफ थाने में दी तहरीर, जांच

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के करगांव निवासी विनीता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 10 साल पहले सिसोलर के अनिल कुमार धुरिया से शादी हुई थी। उसके संतान नहीं है। पति मारपीट कर प्रताड़ित करता है। एक महीने पहले पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। वह मायके में शरण लिए हैं। एसआई प्रेम प्रकाश ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### टेट अनिवार्यता के विरोध में पट्टी बांधी

**हमीरपुर।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध शुरू किया। सोमवार को विद्यालयों में शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। शिक्षकों ने शिक्षण कार्य, बीएलओ ड्यूटी, परीक्षा ड्यूटी व अन्य शासकीय दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ संपादित करते हुए विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों का कहना है कि यह विरोध किसी काम में बाधा डालने के लिए नहीं है, बल्कि समान न्याय और अधिकार को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है।

### संत गाडगे जयंती पर निकाली गई रैली

**मौदहा।** करहिया गांव में डॉ.भीमराव अंबेडकर के समकालीन संत गाडगे की जयंती पर रैली निकाली गई। रैली का समापन भीमराव अंबेडकर पार्क में सभा के आयोजन के साथ किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में उनके अनुयायियों ने उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली। समाज में फैली कुर्तियों का उन्होंने पुरजोर विरोध किया। कार्यक्रम का आयोजन महेशुद्दीन श्रीवास ने किया। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव मेघनाथ, राम प्रकाश प्रजापति, शिव शरण यादव, रामनाथ वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा, दीपक वर्मा, शिव प्रकाश प्रधान, सौखीलाल वर्मा, राम गुलाम वर्मा, रमाकांत वाल्मीकि, भारत लाल दिवाकर, राम प्रकाश श्रीवास भीम प्रकाश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन पर हुई चर्चा

**हमीरपुर।** ॐ हरिहर महाविद्यालय कुंडौरा के एनएसएस शिविर का शिव मंदिर दरियापुर में समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन कर्णधार एवं डा.सरिता दुबे के साथ प्राचार्य डॉ.एसपी गुप्ता ने भाग लिया। शिविर में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विचार व्यक्त किए गए। रक्षाधीन ने आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। डॉ.सरिता दुबे ने आग से बचाव के उपाय साझा किए। क्षमा गुप्ता, स्नेहा, मोहित, अनुष्का, वर्तिका, अनमोल ओमर ने भी आग से निपटने के उपाय बताए। शिविरार्थियों ने घर-घर दीवारों पर स्लोगन लिखे। प्राचार्य डा.स्वामी प्रसाद के साथ अजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संदीप सिंह आदि रहे।

# चकबंदी प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं छानी गांव के किसान

## ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया में आपत्ति जताते हुए जांच कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पूर्व विधायक के नेतृत्व में डीएम के नाम सौंपा गया 6 सूत्रीय ज्ञापन
- बोले, खसरा और खतौनी में भारी खामियां, निर्धारण में भी मनमानी

**अमृत विचार।** ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और चकबंदी प्रक्रिया की मौके पर जांच कराकर कार्रवाई करने और नियमानुसार चकबंदी प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की है।

महोबा जनपद के चरखारी के पूर्व विधायक विनोद राजपूत के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि मौदहा तहसील क्षेत्र के छानी गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, जिसमें चकबंदी विभाग की टीम की ओर से गलत खतौनी/ खसरा प्रविष्टि तैयार किए गए हैं। खतौनी और खसरा



कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

भूमि के रकबे में गलती की गई है और बंदोबस्ती नक्शा के आधार पर मनमानी तरीके से निर्धारण किया जा रहा है, जो विधि के विरुद्ध है।

जमीनों का गलत सीमांकन किया गया है, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कुछ जमीन के रकबे और सीमांकन सिंचाई विभाग में दिखाया गया है। भूमि का मूल्यांकन सही तरीके से नहीं किया गया है। पूर्व की चकबंदी प्रक्रिया में कोई आपत्ति का अवसर या जानकारी नहीं दी गई और न ही मानक गाटे एवं पूर्व में कार्यवाही का ब्यौरा उपलब्ध कराया गया, जो चकबंदी नियमों का घोर उल्लंघन है और विधि के विरुद्ध है। उन्होंने अभिलेखों की जांच और मौके का निरीक्षण करने के बाद चकबंदी प्रक्रिया कराने की मांग की है। इस मौके पर राधाचरन, अरविंद कुमार, सतीश, प्रागीलाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## लेखपाल ने किसान को मृत घोषित किया

**हमीरपुर।** मुस्करा ब्लॉक क्षेत्र के छानी के एक बुजुर्ग को लेखपाल ने बंटवारा में मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने खुद को जीवित दर्ज कराने के लिए लेखपाल पर 5 हजार रुपये की घूस मांगने का दर्द लेकर सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचा, जहां उसने प्रशासनिक अधिकारी को पत्र सौंपकर खुद को जीवित बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई।

छानी के चंद्रशेखर पुत्र कालका ने बताया कि मौजा छानी में चकबंदी चल रही है, जिसमें उसे आकार पत्र 5 मिला है। लेखपाल रामसुमेर मौर्य ने आकार पत्र में उसे बंटवारा में मृत घोषित कर दिया है। उसने लेखपाल से खुद को जीवित दर्ज करने की गुहार लगाई तो लेखपाल ने उससे 5 हजार रुपये की घूस मांगी। पीड़ित ने बताया कि वह बचपन से आंखों से कमजोर है। दूसरों के सहारे चल पाता है। उसकी चार वर्ष की बेटी है, जिनका पालन पोषण भी दूभर है। उसने पत्र में जारी आकार पत्र 5 में खुद को मृत निरस्त कराकर जीवित दर्ज करवाने की मांग की है।

# घर में मुर्गा बनाने को लेकर चले लाठी-डंडे

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- जेठानी का भाई मुर्गा लेकर पहुंचा था, देवरानी ने किया विरोध
- मुर्गा बनाने के विरोध पर जेठ ने बाल पकड़कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** घर में मुर्गा बनाने से इंकार करने पर दो भाइयों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल दोनों महिलाओं के साथ दो युवकों का छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है।

क्षेत्र के भुगैचा गांव के रहने वाले हरिकिशन प्रजापति की पत्नी मूर्ति देवी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि जेठ रामकिशन का ग्योढ़ी गांव निवासी साला ग्यासी मुर्गा लेकर घर आ गया। ग्यासी ने घर में मुर्गा के बनाने के लिए कहा तो उसने घर में मुर्गा बनाने से साफ मना कर दिया। इस पर वह अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर जेठ रामकिशन ने उसके सिर के बाल पकड़कर जमीन में गिराकर थप्पड़ घूंसा से मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके साथ ही जेठ के साले ग्यासी और जेठानी कुंती देवी ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसे बचाने आए पति हरिकिशन के साथ भी मारपीट की। उसने जेठ, जेठानी औप उसके साले ग्यासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं जेठानी कुंती देवी ने देवर हरिकिशन के खिलाफ तहरीर देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों पक्ष की महिलाओं के साथ दो युवकों को छानी सीएचसी में ले जाकर पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि दोनों पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर दोनों पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शराबी चालक हाईवे पर डंपर खड़ा कर लापता, लगा जाम

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- जाम में एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसें भी घंटों फंसी रहीं
- 3 घंटे बाद पुलिस के डंपर हटवाने पर सामान्य हुआ यातायात

**अमृत विचार।** सोमवार को दोपहर में कस्बे के अंदर हाईवे में शराब के नशे में धुत चालक डंपर को खड़ा करके गायब हो गया। हाईवे में बीचो-बीच डंपर खड़ा होने से कस्बे के अंदर भीषण जाम लग गया और दोनों तरफ सैकड़ों वाहन फंस गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को हाईवे से हटवा कर यातायात बहाल कराया। इस दौरान तीन घंटे तक वाहन रेंगते रहे।

सोमवार को दोपहर करीब 1:00 बजे एक डंपर कानपुर से कबरई जा रहा था। चालक और खलासी ने शराब पी रखी थी। डंपर को खलासी चला रहा था और चालक नशे में चूर होकर सो रहा था। कस्बे के अंदर पशु बाजार के समीप खलासी ने हाईवे के बीचों बीच डंपर को खड़ा



सुमेरपुर कस्बे में हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

कर दिया और चालक का मोबाइल, नकदी, डंपर की चाबी आदि लेकर गायब हो गया।

हाईवे के बीचों-बीच डंपर खड़ा हो जाने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को हाईवे से हटवा कर यातायात बहाल कराया। इस दौरान तीन घंटे तक वाहन कस्बे के अंदर रेंगते रहे। जाम में एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसें आदि फंसी रहीं।

## भाजपाइयों ने राहुल का पुतला जलाया

**हमीरपुर।** एआई समिट के दौरान कांग्रेसियों के अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में भाजपाइयों ने बस स्टैंड के पास कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया। भाजपाइयों ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

भाजपा के नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता व चेयरमैन कुलदीप निषाद के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अंबेडकर पार्क से बस स्टैंड तक पैदल मार्च किया। भाजपाई राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। बस स्टैंड के पास सड़क पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि एआई समिट में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अर्धनग्न प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। कहा कि देश के सम्मान के खिलाफ कोई आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां रवि, लवली मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, कुलदीप श्रीवास, शिवेंद्र सिंह परमार निर्भर शंकर, पंकज द्विवेदी आदि मौजूद रहें।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' के विरोध में यादव परिषद ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- फिल्म में यादव समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप
- फिल्म पर रोक लगाने और जांच कराने की उठाई गई आवाज

**अमृत विचार।** विश्व यादव परिषद के कार्यकर्ताओं ने रिलीज होने वाली यादव जी की लव स्टोरी नामक फ़िल्म के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर फ़िल्म के प्रदर्शन पर रोक लगवाने की प्रशासनिक अधिकारी से गुहार लगाई है।

विश्व यादव परिषद के अमित यादव, हिमांशु यादव, पवन यादव, दिनेश यादव, राकेश यादव, गौरव यादव आदि कार्यकर्ताओं ने दिए ज्ञापन में बताया कि आगामी 27 फ़रवरी को यादव जी की लव स्टोरी नामक फ़िल्म रिलीज होने जा रही है। जिसमे यादव समाज को आपत्तिजनक और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुति से समाज की भावनाएं



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते विश्व यादव परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

आहत हो रही हैं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में रोष एवं असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने इस फ़िल्म का प्रदर्शन बिना जांच के किए जाने पर समाजिक वैमनस्य एवं तनाव बढ़ने, विभिन्न समुदाय के बीच शांति भंग होने, सार्वजनिक अशांति फैलने की बात कही है। उन्होंने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर उचित जांच कराने एवं जांच पूर्ण होने तक फ़िल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है।



मौदहा में एसडीएम कार्यालय के बाहर बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

# कोटेदार ने बांटा खराब ज्वार, फफूंद लगा गेहूं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** फरवरी के राशन में खराब ज्वार, फफूंद लगा गेहूं देने व चावल नहीं देने के साथ ही अभद्रता करने की शिकायत लेकर लगभग एक दर्जन महिलाएं उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां एसडीएम न्यायालय के कार्यों में व्यस्त होने के कारण महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए वहीं डेरा जमा लिया।

कस्बे के मोहल्ला निजामीपुरा कांशीराम कॉलोनी की महिलाओं का आरोप है कि कोटेदार शिवकुमार पाठक ने फरवरी में जो ज्वार दी है वह खाने योग्य नहीं है जबकि गेहूं में फफूंदी लगी हुई है। इतना ही नहीं फरवरी माह में चावल भी नहीं दिया और महिलाओं से अच्छी तरह बातचीत भी नहीं करता हैं। महिलाओं ने जांच के बाद कार्यवाही की मांग की है।

# श्रमिक न्यायालय की स्थापना के लिए अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने जनपद मुख्यालय में श्रमिक न्यायालय स्थापित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें श्रमिक न्यायालय स्थापित करने को कहा गया है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति, ओमप्रकाश द्विवेदी, सदस्य सलाहकार समिति रेलवे कपिल देव सिंह, प्रतीक खरे, दीपक चक्रवर्ती, महिपाल प्रजापति, मुकेश सोनकर, उदय नारायण, संजय अवस्थी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने दिए ज्ञापन में कहा कि जनपद मुख्यालय में आज तक श्रमिक न्यायालय की स्थापना नहीं हुई है। जिस कारण श्रमिकों, उद्यमियों व कर्मचारियों को अपने मुकदमों के निस्तारण के



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

- बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा

लिए बांदा व कानपुर जाना पड़ता है। जबकि प्रदेश के अधिकतर जिलों में श्रमिक न्यायालय की स्थापना की गई है, किन्तु अभी तक जनपद मुख्यालय में श्रमिक न्यायालय स्थापित नहीं किया जा सका है। जिससे न्याय मिलने में समय अधिक हो जाता है। बार एसोसिएशन ने जनहित में श्रमिक न्यायालय स्थापित कराए जाने की बात कही है। उन्होंने इसकी प्रति मुख्य सचिव व श्रमायुक्त कर्मकार न्यायालय बांदा को भी भेजी है।

# सुहागरात में दुल्हन बोली, मैं किसी और की अमानत हूं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सुहागरात में दूल्हे को छूने से रोका प्रेम कहानी सुन भौचक्का रह गया
- कोतवाली पहुंचा मामला, आखिर टूट गया दोनों के शादी का रिश्ता

**अमृत विचार।** शादी के बाद ससुराल पहुंची एक नवविवाहिता ने सुहागरात से पहले ही दूल्हे को छूने से इंकार कर दिया। दुल्हन ने खुद को किसी और की अमानत बताते हुए कहा कि वह किसी अन्य युवक से प्रेम करती है। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया और मामला कोतवाली तक पहुंच गया, जहां पुलिस दोनों पक्षों में वार्ता के बाद आखिर रिश्ता टूट गया।

कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी धरम पुत्र लालदिमान की शादी बिलरख गांव निवासी एक युवती के साथ शनिवार को हुई थी। रविवार को विदाई के बाद दुल्हन ससुराल पहुंची। रात में सुहागरात के दौरान दूल्हे धरम ने घूंघट खोलने का प्रयास किया, तो दुल्हन ने छूने पर आपत्ति जताई। उसने कहा कि वह किसी और की अमानत है और बिलरख गांव के ही एक युवक से प्रेम करती है। दुल्हन ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। यह सुनकर दूल्हा धरम स्तब्ध रह गया। दुल्हन ने बताया कि वह बचपन से अपने मामा-मामी के यहां गोहांड में पली-बढ़ी है। आरोप लगाया कि उसके माता-पिता और मामा-मामी ने जबरन उसकी शादी करा दी है। इस की जानकारी होते ही दोनों पक्षों के परिवारीजन कोतवाली पहुंचे। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि वार्ता के बाद दूल्हा और दुल्हन स्वेच्छा से संबंध विच्छेद करने पर सहमत हो गए हैं।

**अधिकार बताए गए** | गल्हिया गांव में लगे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

# संविधान सामाजिक संतुलन की आधारशिला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गल्हिया गांव में चल रहे ब्रह्मानंद के राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का समापन हो गया। कैंप के दौरान भारतीय संविधान की मूल भावना, मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा.हल्के प्रसाद ने कहा कि संविधान सामाजिक संतुलन एवं न्याय की आधारशिला है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जितेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश कुमार ने संविधान की प्रस्तावना का




शिविर के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

उल्लेख करते हुए न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के आदर्शों को व्यवहार में अपनाने पर बल दिया। डॉ.सरजू नारायण ने कहा कि समानता का अधिकार ही लोकतंत्र की सच्ची पहचान है। डा.कमलेश राम ने ग्राम स्तर पर समरसता एवं सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डा.गोविंद राजपूत ने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। डा.आर.बी. शर्मा ने युवाओं से कर्तव्यों के पालन पर विशेष बल दिया। डा.शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि जागरूक नागरिक ही संविधान की वास्तविक शक्ति हैं। समापन के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

इस अवसर पर डा.राजेंद्र कुमार, श्री दृगपाल सिंह, हरनाथ सिंह, उर्मिला राजपूत, सुलोचना, वंदना, धर्मेंद्र सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मोहित, मुकेश, सौम्या सोनी, आकांक्षा, उपासना, शामिद, करिश्मा, संगीता, मुस्कान, प्रतीक्षा, पुष्पेंद्र, रानी, बाबनीता, दिशा, जूली, मेघा, लेखराज, प्रांजलि, सपना, पायल, मुस्कान, डोली, दीपांशी, जूली, रोशनी, ममता, अंजली, वंदना आदि स्वयंसेवकों ने चढ़ बढ़कर भाग लिया।

# नमाज-ए-तरावीह के पांचवें दिन मुकम्मल हुआ कुरान, मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मदरसे में चांद रात से चल रही तरावीह रविवार देर रात को पांचवें दिन मुकम्मल हो गई। तरावीह पूरी होते ही कारी-ए-कुरान को रोजेदारों ने माला पहना और गले मिलकर मुबारकबाद दी। नमाज के बाद मगफिरत और जहन्नुम से निजात की दुआ मांगी गई।

दारुल उलूम गुलशने रहमत मदरसे में रविवार देर रात पांचवें दिन तरावीह नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। कारी इजहार खान ने कुरान पाक सुनाया। कहा कि वह लोग खुशनसीब हैं, जिनको तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने के लिए मिला। यह सदका नबी का है, जिसकी वजह से अल्लाह का कलाम नसीब होता है। तरावीह



कारी-ए-कुरान को फूलमाला पहनाते रोजेदार। अमृत विचार

अभी खत्म नहीं हुई है। तरावीह में कलाम पाक सुनना अलग सुन्नत है और पूरे माह तरावीह सुनना अलग सुन्नत है। उन्होंने कहा कि अल्लाह की इबादत, जरूरतमंदों की जकात, फितरे से मदद की अपील की। लोगों ने कुरान सुनने-सुनाने वालों को इनामात से नवाजा। हाफिज अनस खान ने नात पढ़ी। कारी ने मुल्क में अमन चैन, सलामती, बीमारों को शिफा के लिए दुआ कराई। यहां हाफिज अनस खान, अरशद खान उर्फ हीरो, अनवर खान, शकील सिद्दीकी, अजहर खान, दानिश खान, अफसर खान, फैजान खान, शाहबाज, मुजम्मिल मंसूरी रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, जांच शुरू

**पनवाड़ी।** राठ के पठानपुरा निवासी गौरव कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 14 फरवरी को वह बाइक पर पनवाड़ी से अपने घर लौट रहे था, तभी किल्हौवा के तीन युवकों ने बाइक से पीछा करते हुए हमीदिया इंटर कॉलेज के पास जबरन रोक लिया और पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडों व हॉकी से पीट कर घायल कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। राहगीरों की मदद से परिजन उसे लेकर राठ पहुंचे और प्राथमिक उपचार कराने के झांसी रेफर किया गया। इलाज कराने के बाद पनवाड़ी थाने पहुंचा। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### छात्रवृत्ति के लिए फिर खोला गया पोर्टल

**महोबा।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छावृत्ति कक्षा 11 व 12 को छोड़कर वंचित वर्गों के लिए फिर छात्रवृत्ति पोर्टल खोल दिया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि 27 फरवरी तक छात्र-छात्राओं की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन सत्यापन व अपात्रों को ब्लाक किया जाएगा। 1 मार्च तक छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति सत्यापन करने के बाद डाटा लॉक करेगी। 11 तक मांग सृजन कर 16 मार्च तक धनराशि भेजी जाएगी।

### वीरभूमि महाविद्यालय में रोजगार मेला आज

**महोबा।** जिला सेवा योजन कार्यालय, माडल करियर सेंटर, आईटीआई व कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 25 फरवरी को वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन होगा। रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा वाजपेयी ने बताया कि मेले में महिन्द्रा एंड महिंद्रा, टीवीएस, न्यू हालैंड ट्रैक्टर्स, जेके टायर्स, टाटा मोटर्स, उत्कर्स स्माल फाइनेंस बैंक, पालसी बाजार, फिलपकार्ड, सिक्योरटी सर्विस, बुंदेलखंड आटो मोबाइल्स, वर्धमान टैक्सटाइल्स लिमिटेट आपरेटर, अप्रैटिंस ट्रेनी, सिक्योरिटी गार्ड, टेलीकालर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, नर्सिंग केयरटेकर, मैनेजर आदि के लिए चनय करेंगी। शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल से हाईस्कूल, इंटर, स्नाकत या उससे अधिक व आईटीआई, डिप्लोमा आदि है।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' पर रोक की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अखिल भारतीय महासभा ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन
- फिल्म के जरिए धार्मिक व जातीय भेदभाव बढ़ाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** फिल्म निर्माता संदीप तोमर और निदेशक अंकित भड़ाना की फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर धार्मिक एवं जातीय भेदभाव बढ़ाने वाली कहानी बताते हुए फिल्म को रिलीज करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। फिल्म के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय यादव महासभा के बृजगोपाल यादव के नेतृत्व में समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम डीएम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस फिल्म पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने की मांग उठाई गई है।



एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे यादव समाज के लोग। अमृत विचार

राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि मौजूदा माहौल में कुछ अराजकतत्व और असामाजिक तत्व सामाजिक एवं जातीय सामंजस्य को खराब करने का काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि यूट्यूबर एवं फिल्म निर्माता संदीप तोमर और निदेशक अंकित भडाना, हीरोइन प्रगति तिवारी, अभिनेता विशाल मोहन समाज का माहौल खराब करने के लिए धार्मिक व जातीय भेदभाव बढ़ाने के कार्य करते हुए यादव जी लव स्टोरी फिल्म रिलीज करने का प्रयास कर रहे हैं। इस फिल्म में यादव लड़की और मुस्लिम लड़के के बीच प्रेम संबन्ध दिखा गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि फिल्म के रिलीज होने से सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारा खराब होने की आशंका है, जिसे देखते हुए अखिल भारतीय यादव महासभा ने इस मूवी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने की राष्ट्रपति से मांग उठाई गई है। ज्ञापन देने वालों में मयंक यादव, पंकज यादव, मानि सिंह यादव, महेश कुमार यादव, हरीसिंह यादव, योगेश यादव, अखिलेश सिंह, बब्लू यादव, कल्लू यादव, शिवकुमार, राजेंद्र सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

# अवैध परिवहन में ट्रैक्टर सीज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बिना रॉयल्टी और प्रपत्र के परिवहन में लगा था ट्रैक्टर
- राजस्व और पुलिस की टीम ने चलाया संयुक्त अभियान

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है। अभियान के दौरान बिना रॉयल्टी के गिट्टी का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है। अधिकारियों की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

टीम ने सोमवार को क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के तहत संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच पड़ताल की। जांच दौरान वाहन चालकों के पास अवश्यक प्रपत्र नहीं पाए गए, वहीं तमाम वाहनों में खनन सामग्री का लदान होने के बाद भी उनके पास रॉयल्टी न होने पर वाहन चालक के वैध प्रपत्र न दिखाने पर



ट्रैक्टर सीज करने के बाद खड़े अधिकारी। अमृत विचार

ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है। इसकी भनक लगते ही बिना रॉयल्टी के पत्थर गिट्टी लेकर दौड़ रहे ट्रैक्टर चालकों में खलबली मच गई। नायत तहसीलदार और थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचंद्र के नेतृत्व में अलग अलग मार्गों पर चलाए जा रहे अभियान से तमाम गिट्टी पत्थर का कार्य करने वाले ट्रैक्टर चालकों ने वाहन चलाना भी बंद कर दिया। टीम के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और बिना रॉयल्टी खनिज परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे सरकार का राजस्व बढ़ सके।

# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा प्रशासन ने हटवाया

## राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम ने मकान और चरही को ढहाया

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

- जैतपुर ब्लाक के बुधवारा गांव में ग्राम पंचायत की जमीन पर था कब्जा
- पुलिस को देखकर विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए कब्जाधारक

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के बुधवारा गांव में तालाब किनारे ग्राम पंचायत की भूमि पर दबंगों के अवैध कब्जा करने की शिकायत पर राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी।

बुधवारा गांव के ग्रामीणों ने कुलपहाड़ उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ दबंग ग्राम पंचायत की भूमि पर बने तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके खलिहान बनाए हुए हैं। ग्राम पंचायत की भूमि पर चरही बनाकर जानवरों को बांधते हैं। क्षेत्रीय लेखपाल के कार्रवाई करने के बावजूद अवैध कब्जाधारकों



कब्जा हटाने के लिए पुलिस के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार। अमृत विचार

ने कब्जा नहीं हटाया। धड़ल्ले से सरकारी भूमि पर कब्जा करके आज भी प्रयोग में ला रहे हैं और अस्थाई मकान बनाए हुए हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलधिकारी के निर्देश पर सोमवार को नायब तहसीलदार पंकज गौतम, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल पुलिस के साथ गांव पहुंचे जहां पर तालाब की भूमि पर बनाए गए अवैध अस्थाई मकान और चरही को ढहा दिया। इस पर कुछ कब्जाधारकों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस फोर्स होने के कारण वह वापस लौट गए। नायब तहसीलदार ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को हटाए जाने की तत्काल कार्रवाई की जाए।

# कलयुग में प्रभु का स्मरण ही मुक्ति का आधार

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** जैतपुर के पंचमुखी मंदिर में चल सहि श्रीमद्भागवत कथा में भोपाल से आए कथा व्यास सचिन शास्त्री ले श्रद्धालुओं को रुक्मणि विवाह की कथा का वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में सराबोर हो गए। कथा सुनने के लिए क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास ने कथा के अलावा श्रीमद्भागवत कथा का अनुशरण करने से मिलने वाले पुन्य पर भी प्रकाश डाला।

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि रुक्मणी स्वयं लक्ष्मी का अवतार हैं। विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी बुद्धिमान, सुंदर और सरल स्वभाव वाली थीं. पुत्री के विवाह के लिए पिता भीष्मक योग्य वर की तलाश कर रहे थे. राजा के दरबार में जो कोई भी आता वह श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की प्रशंसा करता. कृष्ण की वीरता की कहानियां सुनकर देवी रुक्मिणी ने उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था. तय कर लिया था कि वह कृष्ण से ही विवाह करेंगीं, लेकिन



कथा सुनाते कथा व्यास।



कृष्ण भक्ति में झूमते भक्त। अमृत विचार

- रुक्मणि विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में सराबोर

उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल से विवाह तय कर दिया। रुक्मणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से संदेश भेजकर भगवान कृष्ण से विवाह का आग्रह किया। रुक्मणी ने देवी अंबा के मंदिर में पूजा के दौरान श्रीकृष्ण को पति रूप में स्वीकार किया, जहाँ से भगवान कृष्ण ने उनका हरण किया और बाद में विधिवत विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा सभी वेदों का सार है, इसे सुनने से मनुष्य तृप्त होता है और जन्म जन्मांतर के पाप से मुक्त हो जाता है साथ ही कथा सुनने या किसी भी शुभ काम को करवाने या करने के पीछे का उद्देश्य परम लक्ष्य की प्राप्ति ही होता है। बताया कि कथा आयोजन स्थल में प्रवेश करने से पहले सांसारिक जीवन के दुखों को भूलकर उस परम परमेश्वर ईश्वर का चिंतन मनन करना जरूरी है और घर से जिस उद्देश्य को लेकर कथा सुनने आते हैं, उसे पूरा जरूर करना चाहिए। बताया कि कलयुग में केवल प्रभु का स्मरण ही भव से पार किए जाने का एकमात्र आधार है, यदि आपके पास एक स्थान पर बैठकर प्रभु का नाम लेने का समय नहीं है, तो आप चलते फिरते भी अपने मन मंदिर में परम परमेश्वर का स्मरण कर सकते हैं। कथा दौरान मुख्य यजमान गुड्डी संतोष, सुशीला ब्यास, वासुदेव नगायच, पुजारी चंद्रभानदास, बाबा मालदीप, रघुनंदनदास, महेंद्र द्विवेदी, सीताराम ब्यास, चिरंजीलाल राजपूत आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रामजानकी विवाह की कथा सुन भक्त हुए आनंदित

**बेलाताल।** आरी गांव के नायक मुहाल स्थित राम जानकी मंदिर में श्रीराम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री श्री 1008 श्री राम महायज्ञ, अष्टादश पुराण रामकथा तथा रामदरबार प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर चल रही रामकथा में श्रद्धालु भक्ति रस में डूब हुए हैं। वृंदावन से पधारी कथावाचक राधारानी ने पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ और राम जानकी विवाह प्रसंग का संगीतमय एवं भावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। कथा के मधुर भजनों और प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विवाह प्रसंग दौरान श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। धार्मिक आयोजन में आरी, लडपुरा, जटेवरा, देवथा एवं ललौनी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर यज्ञाचार्य भोलानाथ मोहले, यज्ञ संचालक पंडित प्रेमनारायण चौबे तथा मुख्य यजमान सरोज एवं महेन्द्र नायक उपस्थित रहे।

# मांगें पूरी नहीं हुई तो बेमियादी धरना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार से नाराज ग्रामीणों ने भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को सदर तहसील में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यूनियन से चेतावनी दी है कि एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर बेमियादी धरना शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया कि उरवारा गांव में हाल ही में बनी सड़क विभाग की लापरवाही उजागर कर रही है। ननौरा से उरवारा और चितैईया से उरवारा तक बन रहीं सड़कें बिना खुदाई और कुटाई के बनाई जा रही हैं, जिससे सड़क हाथों से ही उखड़ने लगी हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में विशेष जांच कमेटी गठित कर भौतिक सत्यापन और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



एसडीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के लोग। अमृत विचार

की है। ज्ञापन में ग्राम पंचायतों में अधिकारियों की मनमानी और अनुपस्थिति का मुद्दा भी उठाते हुए बताया कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सामुदायिक भवन और बहुउद्देशीय हॉल के कर्मचारी नदारद रहते हैं, जिससे किसानों को छोटे छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, ज्ञापन में यूनियन ने लुहेड़ी बस स्टैंड से संकट मोचन पठारी को जोड़ने वाली अधूरी सड़क के निर्माण को पूरा करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में किसानों ने प्रशासन को सात दिन में मांगों पर पर विचार करने की बात कही साथ ही चेतावनी दी यदि मांगे पूरी नहीं होती तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने को मजबूर होंगे। एसडीएम सदर शिव ध्यान पांडे ने कहा कि ज्ञापन के बिंदुओं पर कदम उठाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संतराम, देवी सिंह, हल्के, बलवीर और शिशुपाल आदि शामिल रहे।

# बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप समान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- उच्च प्राथमिक विद्यालय बजरिया में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग और पुलिस की ओर से मिशन शक्ति 5.0 व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर बजरिया वार्ड में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल विवाह को सामाजिक व कानूनी अपराध बताते हुए होने वाली दिक्कतों को बताया गया। टोलफ्री नंबरों की छात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी।

हब फॉर वूमेन एंपावरमेंट की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रिया गुप्ता ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बजरिया में उपस्थित बालक बालिकाओं एवं अध्यापक अध्यापिका को बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक अपराध और अभिशाप है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुनहरे भविष्य को नष्ट कर देता है। भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनी रूप से प्रतिबंधित है, जिसके लिए कठोर कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। यह कुपोषण, घरेलू हिंसा और शोषण का मुख्य कारण भी बनता है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने टोल फ्री नंबर 112, 1090, 181, 1076 जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी संगीता राजपूत , जिला बाल संरक्षण इकाई के अरविंद कुमार, आउटरीच कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक रहे।

# भ्रष्टाचार पर ज्ञापन सौंप जांच मांगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** निषाद पार्टी ने मत्स्य विभाग और बिलखी समिति में भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्ट्रट में प्रदर्शन किया। जिला सह प्रभारी आशाराम निषाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम को छह सूत्रीय ज्ञापन सौपर मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक और बिलखी समिति के सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कराते हुए निलम्बन किए जाने की मांग की।

हाथों में झंडे और बैनर लेकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि नियमों को ताक पर रखकर अपनों को समिति में जोड़ा जा रहा है। मत्स्य जीवी सहकारी समिति बिलखी के सदस्यों का कहना है कि वे पिछले तीन वर्षों से शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। यह भी आरोप लगाया कि



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते निषाद पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

सहायक निदेशक और सचिव की मिलीभगत से बिलखी तालाब के शिकार में लाखों रुपये का गबन किया गया है। अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां और वाहन खरीदे जा रहे हैं। बताया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए एक ही राशन कार्ड में दर्ज पूरे परिवार को समिति का सदस्य बना दिया गया है। सचिव ने रिश्तेदारों और परिजनों को सदस्य बनाया और चुनाव जीतने के लिए फर्जी तरीके से 23 नए सदस्य जोड़े गए। जब इसकी शिकायत की गई, तो अधिकारी ने कार्रवाई के बदले 50 हजार रुपये की मांग की। मांग की है कि फर्जी सदस्यों को हटाकर वर्ष 2020 की मतदाता सूची के आधार पर समिति के निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। मत्स्य संपदा योजना में हुए लाखों के गबन की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। यहां पुरुषोत्तम, कस्सी, लाल दीवान, प्रेमचंद, परमलाल, किशन, रामकिशोर, मदन, विश्वनाथ, गुलाब, हरगोविंद, हरीदास, संतोष, आशा, गुलाब आदि मौजूद रहे।

**जागरुकता शिविर** साईं कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन, जल संरक्षण की महत्ता समझाई गई

# जल बचाओ और योग अपनाकर सेहत बनाओ



साईं कालेज के शिविर में योग्याभ्यास करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



यातायात के प्रति जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतिम दिन साईं कालेज आफ एजुकेशन में जल संरक्षण, व्यायाम व योग पर गोष्ठी हुई। शुरुआत एनएसएस गीत से की गई। इसके बाद जल ही जीवन है पर जोर देते हुए पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाबों के संरक्षण, रिसाव ठीक करने और दैनिक जीवन में पानी का विवेकपूर्ण उपयोग भविष्य के लिए जरूरी है। वक्ताओं ने स्वास्थ्य और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए नियमित शारीरिक व्यायाम और योग करने के लिए छात्र छात्राओं को जागरूक किया करते हुए योग्याभ्यास कराया गया।

गोष्ठी मेंप्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि जल का फिजूल खर्च नहीं करना चाहिए, बल्की जल संकट से आने वाली पीढ़ी को बचाना चाहिए। जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, इसलिए हमे प्रण करना चाहिए। कहा कि यदि जीवन के सारे कार्य सुचारू रूप से होंगे तभी जीवन सुखी एवं सफल होगा। एक अस्वस्थ व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता, क्योंकि अपनी अस्वस्थता के कारण वह अपने सभी कार्य सही रूप से संपन्न नहीं कर सकता, जो उसकी असफलता का कारण बन सकते हैं। इसलिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपदा है, जिसके लिए नियमित व्यायाम व योग्याभ्यास करते हुए अपने आप को स्वस्थ्य बनाए।

गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मैराज खान ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवक व सेविकाओं को अपने जीवन को समाज व राष्ट्र सेवा में लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वाजपेयी ने कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोपरी है, असिए हमे निस्वार्थ रुप से तन मन धन से आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्र सेवा क लिए तत्पर रहना चाहिए, जिसके ल्लिए हमे शरीर और मन से स्वस्थ्य रहनक की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रदीप सिंह, आदर्श सोनकिया, शशिकांत अग्रवाल, आशीष चौरसिया, लोकेश चौरसिया, डॉ. रविंद्र कुमार, मारुतिनंदन तिवारी, सुरेंद्र कुमार, चंद्रेश साहहू, रामशरण कुशवाहा, रजनी पटैरिया, अर्चना श्रीवास्तव सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### साप्ताहिक एनएसएस शिविरों का हुआ समापन

**कुलपहाड़।** बुन्देलखंड महाविद्यालय और श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजन के आयोजित सप्ताहिक शिविरों का सोमवार को समापन कर दिया गया है। शिविर के अन्तिम दिवस पर जय बुन्देलखंड महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के तहत वाहन चालकों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और वाहन चलाने पर मोबाइल का प्रयोग न करने आदि सावधानियां बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी विपिन कुमार ने आगंतुकों का आभार जताया और राष्ट्रीयगान के साथ शिविर का समापन की घोषणा की। इस मौके पर विनीत, संगीता, दशरथ आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने शिविर के अन्तिम दिन साईबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर रैली निकाली। प्रोफेसर दिनेश कुमार ने साइबर क्राइम से बचने के टिप्स दिए। द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुमार की देखरेख में कार्य का सम्पादन किया गया। महाविद्यालय स्टाफ में राजेश यादव, रवि तिवारी, एहतेशाम, ईशा, सुरेश नगायच शिवम् विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संत गाडगे की जयंती पर निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- आंबेडकर पार्क में सुबह से एकत्र हुए श्रीवास समाज के लोग

**अमृत विचार।** संत शिरोमणि संत गाडगे बाबा की जयंती सोमवार को श्रीवास समाज के तत्वावधान में शहर के अम्बेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई। अम्बेडकर पार्क में सुबह ग्यारह बजे से ही धार्मिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी। इसके बाद अम्बेडकर पार्क से श्रीवास समाज के लोगों ने जुलूस निकाला, जिसमें महिलाएं बच्चे और नव युवकों ने भी बढचढ़ कर हिस्सा लिया।

अम्बेडकर पार्क से अपराहन करीब ढाई बजे श्रीवास समाज के अध्यक्ष बिहारी लाल गाडगे पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया, जो तहसील चैराहा, सराफा चैराहा, ऊदल चैक, सुभाष चौक सहित परम्परागत मार्गों से होता हुआ पुनः अम्बेडकर पार्क में पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त कर संत शिरोमणि संत गाडगे के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की।

पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास ने कहा कि संत गाडगे ने हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलने का संदेश दिया और हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। संत गाडगे शिरोमणि ने किसी भी समाज की उन्नति के लिए शिक्षा को आधार स्तंभ बताया। उन्होने केवल बालकों के लिए नही बल्कि बालिकाओं के लिए शिक्षा प्राप्त कराने पर जोर दिया। कहा कि स्त्री शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा अंधकार से मनुष्य को प्रकाश की ओर लाती है। इसलिए उन्होने बहुजन समाज की उन्नति के शिक्षा पर अधिक जोर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### लगभग 500 किलोग्राम लहन नष्ट कराया गया

**चित्रकूट।** जिला आबकारी अधिकारी की अगवाई में सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने कोतवाली कर्वी अंतर्गत ग्राम कपसेठी में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान लगभग 500 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। इसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। 70 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई।

### जांच के लिए भेजे गए खाद्य पदार्थों के नमूने

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त (खाद्य) शशांक त्रिपाठी की अगुवाई में होली पर विशेष अभियान के तहत 19 से 23 फरवरी तक पांच नमूने जांच के लिए इकट्ठा किए गये। 43 किग्रा सरसों तेल सीज किया गया। बताया कि इस दौरान खोही स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से पनीर व मिश्रित दूध के नमूने लिए गए। ट्रैफिक चौराहा स्थित मिठाई की दुकान से बर्फी का, सीतापुर की डेयरी से पनीर, मऊ के किराना स्टोर से सरसों तेल का नमूना जांच को भेजा गया। इसी प्रकार टीम ने बांदा रोड, रामघाट खाद्य पदार्थों की जांच की गई और कमियों के प्रति जागरूक किया गया। टीम के सदस्यों ने सचल प्रयोगशाला से विभिन्न खाद्य पदार्थों की घरेलू विधि बताई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंह, विनय कुमार शामिल रहे।

### अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

**मानिकपुर।** बार एसोसिएशन मानिकपुर के अधिवक्ताओं ने सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सौंपा। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक के बाद अध्यक्ष राममिलन यादव और महामंत्री रामदिनेश द्विवेदी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। कहा कि कचहरी परिसरों में लगातार बढ़ रही हिंसक घटनाओं और हाल में जनपद करनैलगंज गोंडा में वरिष्ठ अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या से अधिवक्ताओं में रोष है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने, तहसील स्तर पर नियमित पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। इस मौके पर अधिवक्ता संजीव द्विवेदी, सुरेंद्र द्विवेदी, जयदेव द्विवेदी, रामसुशील तिवारी आदि मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**चित्रकूट।** डा. भाभा कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। बच्चे प्रबंधक डा. मनोज द्विवेदी, प्रधानाध्यापिका चित्रा द्विवेदी, शिक्षक रजनीश विश्वकर्मा के साथ पालेश्वर नाथ पहाड़ी, राजापुर में संकटमोचन मंदिर एवं तुलसी घाट को देखा। मानस मंदिर में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित एवं हस्तलिखित श्रीरामचरित मानस देखी। इस दौरान विनीता पांडेय, रानी देवी, सीमा शुक्ला, उपासना विश्वकर्मा, कंचन जायसवाल, रंजना वर्मा, आरपी विश्वकर्मा, सद्दाम हुसैन, गणेश विश्वकर्मा, संजय कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### आरोपी गिरफ्तार, शराब बरामद

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के एसआई अभिषेक सिंह ने अशोक कुमार कुशवाहा पुत्र राजू प्रसाद निवासी अकबरपुर को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होली बाद अयोध्या में

**चित्रकूट।** जिला व्यायाम शिक्षक दयानंद सिंह ने बताया कि राज्यस्तरीय मिनी बालक्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन होली पर्व के बाद अयोध्या में होना तय है। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को निरंतर अभ्यास कराते रहें।

### अनाज व एक रुपये के दान से होगा भंडारा

**चित्रकूट।** राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि कार्यक्रम में होने वाले भंडारे के लिए गांव-गांव में अनाज और एक रुपये का दान लिया जा रहा है। लोगों में नानाजी के प्रति श्रद्धा का भाव दिख रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि नानाजी ने गांवों के विकास में जनता की पहल और सहभागिता को ही अपना ध्येय माना। उनकी पुण्यतिथि का कार्यक्रम जन सहभागिता से ही संपन्न होता आ रहा है। 27 फरवरी का कार्यक्रम भी जन सहभागिता से संपन्न होगा। इसके लिए प्रत्येक घर से कम से कम एक मुट्ठी अनाज और कम से कम एक रुपया सहयोग रूप में आह्वान किया गया है। महाजन ने कहा कि नानाजी के प्रति आस्था आज भी लोगों में दिखती है। दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामवासी एवं चित्रकूट के नगरवासी अनाज एकत्रीकरण में लगे हुए हैं।

# जनऔषधि केंद्र पर गरीबों से हो रही 'लूट'

**हाल बेहाल**

- प्रिंट रेट से ज्यादा पर बेची जा रही हैं दवायें
- भाजपा नेताओं ने जिम्मेदारों को कटघरे में खड़ा किया

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरकार की अच्छी से अच्छी योजनाओं पर जिम्मेदार पानी फेर देते हैं। गरीबों को कम से कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध कराने की केंद्र सरकार की कोशिश पर वही लोग पलीता लगा रहे हैं, जिन पर इन दवाओं को बेचने की जिम्मेदारी है। राजापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खुले औषधि केंद्र में संचालक की मनमानी पर तो तमाम भाजपा नेता ही सवालिया निशान लगा रहे हैं। यहां दवा लेने आने वाले लोगों का कहना है कि जीएसटी का बहाना बनाकर यहां पर प्रिंट रेट से ज्यादा में दवाएं बेची जा रही हैं।

केंद्र सरकार ने आम आदमी को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 90 फीसदी तक कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोले हैं। इन केंद्रों के पीछे सरकार की मंशा सस्ती स्वास्थ्य सेवा देना और आम जनता के लिए दवाओं पर खर्च का बोझ कम करना है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा गरीबों को खुलेआम लूटा जा रहा है। कम दामों में मिलने वाली दवाएं उन्हें जीएसटी का बहाना बना कर प्रिंट रेट से अधिक में दी जा रही हैं। साथ ही दवाओं की बिक्री करके कैश मेमो भी नहीं दिया जाता है। और तो और अन्य मेडिकल स्टोरों में बिकने वाली महंगी दवाएं भी बेची जा रही हैं। ये आरोप आम आदमी के अलावा भाजपा के नेताओं और समाजसेवियों ने भी लगाए हैं। बताया जाता है कि लोगों ने इस संबंध में आवाज भी उठाई पर मामला नोटिस से आगे नहीं पहुंचा। उधर, इस संबंध में जब सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने शिकायत की है, वे ऊपर तक शिकायत कर ऐसे केंद्र बंद करा दें। जहां तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में खुले जनऔषधि केंद्रों की बात है, तो उसमें आयुष्मान कार्ड की दवाएं मिल रही हैं। इनके अलावा कोई दवाएं दी जाती हैं तो चिकित्साधिकारी से पता किया जाएगा।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में खुला है जन औषधि केंद्र। अमृत विचार

### मेडिकल स्टोर से खरीदकर बेच रहे दवा : विनीत



- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनीत चौबे का कहना है कि प्रधानमंत्री ने गरीब, असहाय मरीजों के लिए सस्ती दवाओं की व्यवस्था की पर ठेकेदार द्वारा सरकार को बदनाम करने की नीयत से जीएसटी आदि का बहाना बनाकर प्रिंट रेट से अधिक में बेचा जा रहा है। चिकित्सकों की नाक के नीचे लूट की जा रही है। केंद्र में मेडिकल स्टोर से खरीदी गई दवाइयां भी बेची जा रही हैं। बिल बाउचर मांगने पर ठेकेदार के गुंडे लोगों से अभद्रता करते हैं।

### आला अफसरों से की जाएगी शिकायत : शंकर दयाल



- भाजपा नेता सभासद शंकर दयाल जायसवाल का कहना है कि बुंदेलखंड में चित्रकूट को सरकार ने आकांक्षी जिला घोषित किया है। पर जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं देते। आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में खुली लूट की जा रही है। इसकी शिकायत जिले के आला अधिकारियों से की जाएगी और इस खुली लूट को बंद कराया जाएगा। दवाओं का बिल नहीं दिया जाता, जो नियमविरुद्ध है। इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

# 44841 लोगों को दी गई विधिक सहायता

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना के अनुसार रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया। इसमें आम जनमानस को योजनाओं की जानकारी दी गई। लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। शिविर में 44841 लाभार्थियों को चिह्नित कर लाभान्वित किया गया।

शिविर का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि आम जनता के हितार्थ व विधिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। विभागों के स्टॉलों में योजनाओं की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक में सामाजिक बुराइयों के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया गया। शिविर में लगभग 5000 लोगों ने हिस्सा लिया, जिन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी गई। मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान कुल 207 प्री-कैंप आयोजित किए गए। 44,841 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ 2412 लाभार्थियों के आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, प्रभारी जिलाधिकारी डीपी पाल, अपर जिला जज अनुराग कुरील, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अरविंद कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद भारती, प्राधिकरण सचिव इला चौधरी, सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित एवं अन्य न्यायिक अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फोटोग्राफरों से मारपीट, कैमरा तोड़ा

## कोतवाली में कार्रवाई न होने से फोटोग्राफरों ने एसपी कार्यालय में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** शादी समारोह में काम के दौरान दबंग युवाओं द्वारा फोटोग्राफर के साथ मारपीट और उसका महंगा कैमरा तोड़ने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को फोटोग्राफरों ने एसपी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। फोटोग्राफर वेलफेयर एसो. की जिला इकाई की अगुवाई में इन लोगों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

एसडीएम कालोनी निवासी आशीष कुमार पुत्र राजनारायण ने एसपी को संबोधित प्रार्थनापत्र में बताया है कि वह अनुसूचित जाति का युवक है। वह अपने सहयोगियों रजनीश यादव, साहिल, धीरेंद्र यादव, अंगद बाबू के साथ 20 फरवरी को गल्ला मंडी निवासी एक युवक की शादी में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के लिए मंदाकिनी पैलेस गया था। आरोप लगाया कि वहां देर रात तीन नामजद और पांच अज्ञात लोगों ने वहां शराब के नशे में उससे और उसके सहयोगियों के साथ मारपीट की। इससे रजनीश के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश होकर गिर गया। आरोपियों ने उनके कैमरे और अन्य उपकरण भी तोड़ दिए। इसमें एक कैमरा 2 लाख 65 हजार का है। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन लोगों को जातिसूचक गालियां दीं और धमकाया कि पुलिस से शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे। पीड़ितों का कहना है कि मामले में अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से फोटोग्राफरों में भारी आक्रोश है।



एसपी आफिस में विरोध प्रदर्शन करते फोटोग्राफर। अमृत विचार


घायल फोटोग्राफर आशीष।

### अक्सर होती हैं घटनाएं, नहीं होती कार्रवाई

- सोमवार को दर्जनों फोटोग्राफर एसपी कार्यालय पहुंचे और बैनर के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पेशेवर काम के दौरान लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जिससे उनके बीच भय का माहौल है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों पर सख्त धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की गई तो जिलेभर के फोटोग्राफर काम बंद कर आंदोलन करेंगे।

### की जाएगी कार्रवाई : कोतवाली प्रभारी

- इस संबंध में कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया था। रविवार को एक अन्य घटना हो जाने की वजह से इनसे वह मिल नहीं पाए थे। सोमवार को ये लोग एसपी आफिस चले गए। अब दोनों पक्षों को फिर से बुलाया गया है। जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी बोर्ड : गड़बड़ी पर राज्य पर्यवेक्षक ने केंद्र व्यवस्थापक को हटाया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षा के दौरान सोमवार को हाईस्कूल अंग्रेजी व इंटरमीडिएट की व्यावसायिक वर्ग तृतीय प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई। शासन से नियुक्त राज्य पर्यवेक्षक अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज सीएल चौरसिया ने परम विद्या मंदिर इंटर कालेज शिवरामपुर में अव्यवस्थाएं पाने पर केंद्र व्यवस्थापक को हटाने के निर्देश दिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि पहली पाली में हुई हाईस्कूल अंग्रेजी विषय में कुल पंजीकृत 10320 में 9906 ने परीक्षा दी। 423 परीक्षार्थी नदारत रहे। इसी तरह इंटरमीडिएट व्यावसायिक विषय की परीक्षा में पंजीकृत 352 में से 344 उपस्थित रहे। बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा गठित सचल दलों ने 21 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कहीं कोई गड़बडी नहीं मिली। इसी तरह द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की गणित और जीव विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। गणित विषय में पंजीकृत 995 में 981 शामिल हुए। इसी तरह इंटरमीडिएट जीव विज्ञान में पंजीकृत 2972 में 2904 उपस्थित रहे। बताया कि शासन ने राज्य पर्यवेक्षक के रूप में सीएल चौरसिया अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज को नियुक्त किया है। उन्होंने परम विद्या मंदिर इंटर कालेज शिवरामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक न मिलीं तो उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को हटाने के निर्देश दिये। इस पर राजकीय हाईस्कूल रौली कल्यानपुर के शिक्षक पुरुषोत्तम प्रजापति को नया केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने भी कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप ड्यूटी पर लगे शिक्षक अलर्ट मोड पर रहें। चित्रकूट इंटर कालेज में खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय शंशाक शेखर शुक्ला के नेतृत्व में उड़ाका दल ने निरीक्षण किया।


सीआईसी में परीक्षार्थियों की तलाशी लेते आंतरिक सचल दल के शिक्षक। अमृत विचार

# खेलकूद में छात्रों ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन पहले दिन जिला विद्यालय निरीक्षक ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों को बेहतर करने की प्रेरणा देती हैं। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे जीवन में आने वाले प्रतिस्पर्धाओं का भी सबक सीखते हैं। वह हार नहीं मानते बल्कि जुझारू बनकर हर संघर्ष को पार करते हैं। इस दौरान बच्चों ने मार्चपास्ट किया और जिला विद्यालय निरीक्षक को सलामी दी। अध्यक्ष नितिन मित्तल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। इसी को ध्यान में रखकर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बच्चे स्वास्थ्य के महत्व को समझें और खेलों में रुचि लेकर प्रतिस्पर्धात्मक माहौल को भी सीखें।

पहले दिन 100 मीटर दौड़ जूनियर बालक व बालिका वर्ग, 50 मीटर दौड़ प्राइमरी वर्ग की संपन्न हुईं। इसके अलावा आयोजक अनूप द्विवेदी व राजकुमार आचार्य की देखरेख में कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। मंगलवार को होने वाले फाइनल मुकाबलों में विजेताओं को घोषित किया जाएगा साथ ही सभी को मेडल दिये जायेंगे। निर्णायक मंडल के रूप में कंचन द्विवेदी, मधुर तिवारी, सारिक नसीम मौजूद रहे।


मार्चपास्ट करते छात्र। अमृत विचार

### मासूम ने पीया टायलेट क्लीनर, थमीं सांसें

**राजापुर।** राजापुर थानांतर्गत एक गांव में एक मासूम ने शौचालय में क्लीनर की बोतल का द्रव्य पी लिया। उसने मुंह में जलन की बात की तो परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे पर रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं।

बच्ची के नाना हेमराज सिंह ने बताया कि उनकी बेटी शिवानी सिंह की शादी खोपा निवासी सागर सिंह से हुई थी। बेटी के दो बच्ची थीं। वह बीते दिन मायके वैवाहिक कार्यक्रम के लिए आई थी। पुत्री की बड़ी बेटी परी शौच क्रिया के लिए गई थी। शौचालय में सफाई के लिए क्लीनर की बोतल रखी थी। उसीको पी लेने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि गले में जलन होने पर रोते हुए उसने घरवालों को बताया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।


काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

कार्यालय, संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आह्वान पर जिले के शिक्षकों ने सोमवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि शिक्षक 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। बताया कि 25 फरवरी तक केंद्र सरकार ने कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो पूरे प्रदेश के शिक्षक 26 फरवरी को जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे।

### गांवों में लगेगी चकबंदी चौपाल

**चित्रकूट।** चकबंदी से संबंधित समस्याओं एवं जमीन संबंधी विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए 23 से 28 फरवरी तक गांवों में विशेष चकबंदी ग्राम चौपाल अभियान चलाया जाएगा। उप संचालक चकबंदी, अपर जिलाधिकारी ने इस संबंध में बताया कि निर्धारित ग्रामों में अधिकारियों की टीम मौके पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगी एवं यथासंभव तत्काल निस्तारण करेगी। बताया कि इस विशेष पहल का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीणों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाते हुए समस्याओं का समाधान गांव में ही उपलब्ध कराना है। संबंधित अधिकारी ग्राम चौपाल में उपस्थित होकर चकबंदी से संबंधित आपत्तियों, अभिलेखीय त्रुटियों एवं अन्य जमीन संबंधी विवादों पर सुनवाई करेंगे।

**राहत** | विधायक की पहल पर मिली स्वीकृति, शिलान्यास भी हुआ

# दो करोड़ की लागत से जोधर नाले पर बनेगा पुल और सड़क

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** अब तिगरेश्वर मंदिर पहुंचना आसान हो जाएगा। क्षेत्रीय विधायक की पहल पर धर्मार्थ योजना के तहत जोधर नाले पर लगभग दो करोड़ की लागत से पुल और सड़क का निर्माण होगा। सोमवार को इसका विधायक विनोद चतुर्वेदी ने शिलान्यास किया।

नगर सीमा के समीप जंगल में प्राचीन तिगरेश्वर शिव मंदिर है। यहां जाने में जोधर नाला बीच में पड़ता है। इससे आवागमन में परेशानी होती है इसी के चलते वर्ष 2020 में आरईएस द्वारा सड़क और पुलिया का निर्माण कराया गया था लेकिन निर्माण की गुणवत्ता ठीक न होने से वह पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त हो गया। इससे मन्दिर के महन्त और आस्थावानों की समस्या जैसी की तैसी हो गई। जिसके चलते मन्दिर के महंत नारायणपुरी द्वारा क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी से मुलाकात कर नाला पर पुलिया निर्माण की मांग की गई थी लेकिन आरईएस के पास मद न होने के चलते विधायक द्वारा यह मुद्दा विधानसभा में उठाया गया था जिसको संज्ञान में लेकर शासन ने नाला पर पुल व सड़क के मरम्मत के लिए 2 करोड़ 12 लाख रुपये मंजूर कर दिए। जिसका निर्माण भी शुरू हो गया है। सोमवार को कार्य का शिलान्यास करने आए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि यह क्षेत्र धार्मिक है जिसकी जानकारी पाकर शासन ने भी इस क्षेत्र के विकास के लिए फिर से बजट दिया है। इस दौरान उन्होंने निर्माण इकाई से इस धार्मिक कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखने की हिदायत दी। इस मौके पर रमेश मिश्रा, राजू पाठक, देवकली प्रधान वाल सिंह निषाद, कीरतपुर प्रधान, पीडब्ल्यूडी के जेई बृजेन्द्र संखवार, अतुल पाल समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।


सड़क और पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक विनोद चतुर्वेदी।

### गौशाला के कार्य की गुणवत्ता देख नाराज हुए विधायक

- कालपी। तिगरेश्वर मन्दिर के पास निर्माणाधीन कान्हा गौशाला कार्य की गुणवत्ता से विधायक खफा हैं। उन्होंने मामले की शिकायत शासन से किए जाने की बात कही है। विदित हो कि नगर क्षेत्र में भूमि की उपलब्धता न होने से महेवा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत के मौजा तिगरा में तिगरेश्वर मन्दिर के पास कान्हा गौशाला का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा रहा। जिसमें लगभग 1 करोड़ 65 लाख 89 हजार रुपये की लागत आनी है जिसका लोकार्पण भी गत दिनों उरई में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान हो चुका है लेकिन लगभग दो वर्ष से अधिक समय से चल रहे निर्माण कार्य के बाद भी गौशाला अधूरी है। सोमवार को मन्दिर के पास जोधर नाला पर पुल का शिलान्यास करने गये क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने पास में बन रही कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वह निर्माण कार्य अधूरा और गुणवत्ता विहीन निर्माण सामग्री प्रयोग किए जाने पर भड़क गये। उन्होंने ईओ अवनीश कुमार शुक्ल को निर्माण में देरी और मानक विहीन कार्य कराए जाने पर फटकार लगाई और कहा कि वह इस मामले की शिकायत शासन से करेंगे।



मतदाता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

### रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**जालौन।** कैलाशी देवी श्रवण कुमारी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन रैली निकालकर लोगों को वोट के महत्व के बारे में समझाया गया।

शिविर छठें दिन शिविर में शामिल स्वयं सेवियों द्वारा बालाजी मंदिर चुर्खी रोड से हरीपुरा मोहल्ले में रैली निकाली गई। जिसमें मतदाताओं को मत के महत्व के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह परिहार व प्रवीण दीक्षित ने बताया कि लोकतंत्र में एक एक मत का महत्व होता है। यदि कोई चुनाव आता है और आप यदि मतदाता हैं तो अपने मत का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। जब मत देने जाएं तो किसी प्रलोभन में न आएं। बल्कि ऐसे उम्मीदवार को चुनें जो आपकी समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए कोशिश कर सकें। यदि चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं तो बाद में आपको पछताना नहीं पड़ेगा, बल्कि आपको इस पर गर्व होगा कि किसी की जीत में आपने भी अहम भूमिका निभाई है। इस मौके पर अयान सिद्दीकी, विशाल वर्मा, रानी देवी, मनमोहन सिंह, शिवानी, गुनगुन, आमेंद्र, श्रेष्ठ द्विवेदी, श्रेया मिश्रा, ईशा कुशवाहा आदि रहे।

